बोधि-पथ

ISSN 2347-8004
Registration No.: DELBIL/2011/41024

Bodhi-Path

Half-Yearly Bilingual Buddhism, Philosophy Journal (UGC Approved)
जुलाई २०१८ अंक - *पंद्रहवां, द्विभाषिक छमाही पत्रिका*



Buddha Education Foundation
Ph: 9968262935, 8447637374, Website: http://bodhi-path.com

ISSN 2347-8004

Bodhi-Path

Year 2018 July Issue Volume 15

Publisher
Bhikhu Vishwabandhu, Chairman
Buddha Education Foundation (Trust)

Patron
Prof. Nareshman, Bajracharya,
Vice-Chancellor of Lumbini Buddhist University

Advisors
Prof K.T. S. Sarao, HOD,
Deprtment of Buddhist Studies,
University of Delhi

Prof. Hira Paul Gangnegi, Deprtment of Buddhist Studies, University of Delhi

Dr I. N. Singh, Associate Professor,
Deprtment of Buddhist Studies,
University of Delhi

Dr. Subhra Barua Pavagadhi, Associate Professor, Deprtment of Buddhist Studies, University of Delhi

Dr. Ram Kumar Rana, Associate Professor, Deprtment of Buddhist Studies, University of Delhi

Editor
Dr Sanghmitra Baudh
Deprtment of Buddhist Studies,
University of Delhi

Co-Editor (English)
Dr Amita Kapoor, Associate Professor,
Shaheed Rajguru College of Applied Sciences for Women, University of Delhi

Technical Editor
Mr Narotam Singh
Author and Healer

Note: All the members of Editorial board are non-salried and can be changed by the publisher.

Table of Contents

Article	Authors	Pg No.
Editorial	Dr SanghMitra Baudh	i
बौद्धदर्शन में सम्यक्दृष्टि	डॉ संघमित्रा बौद्ध	1
हीनयान एवं महायान में निर्वाण की कल्पना	सुभम कुमार	3
त्रिरत्न	Bhikhu Prajnapal	8
राहुल सांकृत्यायन और बौद्ध धर्म	शशिकान्त	20
वर्तमान समय में दान का महत्त्व बौद्ध धर्म के परिप्रेक्ष्य में समीक्षात्मक अध्ययन	**दीपक कुमार**	23
डॉ॰ अम्बेडकर की भारतीय जल नीति व आधुनिक युग में प्रासंगिकता	रचना	28
भगवान बुद्ध की दुष्टि में नारी का अस्तित्व	Vijay Arora	35
Genesis of Drikung-bKa-brgyud tradition of Tibetan Buddhism	Thinlay Norboo	41
Brief of Saṅgālovāda Sutta	Razainda Si Ri	45
Buddhist Education on Environment	Tsering Tashi	49
Buddhist Tradition Among The Singpho Community In Assam	Mayuri Dihingia	54
Characteristics of Buddhist Arts in Nāgārjunakoṇḍa	Kazumi Okabe	58
Monastic vis-à-vis Social Dimension of *Paccekabuddha*:"A Theological Initiative in Buddhist Approach to Interfaith Dialogue"	Van Phuoc Bao	68
Rains Retreat And Robe Offering Ceremony	Sushma Shree	79
Locating the Icon and the Image – Contextualizing Buddhist Art and Patronage of Prasat Phimai in Northeast Thailand	Sama Haq	82
Personality Of Human Being & His Destiny In Buddhism	Dr. Seema Bharti	90

Disclaimer: All the views presented in the journal are of the authors. Journal bear no responsibility for them.

Website: www.bodhi-path.com
Email: baudhs@yahoo.com, buddhaedu@ymail.com , sanghmb@gmail.com
Contact: 9968262935, 8447637374

सम्पादकीय

भगवान् बुद्ध एक व्यवहार कुशल महामानव थे। उन्होंने विश्व की प्रत्येक समस्याओं को अच्छी प्रकार से समझा और उसके समाधान के लिए मार्ग भी प्रशस्त किया। लोगों की समस्या है दुःख ओर इसका समाधान हो जाना निर्वाण है, जो परम सुख का आनन्द है। इस सम्बन्ध में बुद्ध ने 'दो अतियों' को बताया है। वे हैं– **''कामसुखल्लिकानुयोगो''** तथा **''अत्तकिलमथानुयोगो।''** प्रथम 'अति' के कारण सामान्यजन कामसुखों में लिप्त होकर सुख की प्राप्ति की आशा करते हैं। पर यह सुख क्षणिक होने के कारण अन्ततोगत्वा दुःख उत्पन्न करता है। द्वितीय 'अति' के कारण कुछ व्यक्ति कामसुखों की असारता को जानकर आत्मपीड़न के मार्ग को ही सुख प्राप्ति का मार्ग जानकर अपनाते है, परन्तु इसके कारण जन्म से लेकर मृत्यु–पर्यन्त दुःख ही दुःख प्राप्त होता है। परन्तु बुद्ध ने कहा है कि इन दोनों के मध्य का मार्ग ही अति सुखदायक और लाभदायक है। जिस पर चलकर व्यक्ति इस जीवन में परम सुख का आनन्द ले सकते हैं। वह है 'मध्यम मार्ग' अर्थात् 'आर्य अष्टांगिक मार्ग' इस मार्ग पर चलकर व्यक्ति धीरे–धीरे आर्य की अवस्था प्राप्त कर लेता है।

बुद्ध ने जो मार्ग दिखाया वह अत्यन्त सरल और सुद्ढ़ मार्ग था जिसके कारण भारतीय जन मानस और जीवन पर बौद्धधर्म की अमिट छाप पड़ी है। भारत के **भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ॰ सर्वपल्ली राधा कृष्णन्** ने लिखा ''हमारे लिए इस राष्ट्र में बुद्ध हमारी धार्मिक परम्परा के विलक्षण प्रतिनिधि हैं। भारत की मिट्टी पर उन्होंने अपने पद्चिन्ह तो छोड़े ही, साथ ही साथ उन्होंने विशिष्ट आचरणों और मान्यताओं के रूप में इस देश की आत्मा पर भी अपनी अमिट छाप छोड़ी है। बुद्ध के उपदेशों ने जहां विश्व के अन्य देशों में, वहां की परम्पराओं के अनुरूप ही स्वयं को विशिष्ट स्वरूपों में उभारा है। वहीं इस देश में, बुद्ध के अपने देश में, ये उपदेश हमारी संस्कृति की गहराइयों में उतर कर उसी का एक अभिन्न भाग बन गए है।''

बुद्ध ने 45 वर्ष के चारिका क्रम में लोगों के कल्याण के लिए धर्म का उपदेश दिया था और कहा कि आप लोग इस रस का स्वादन करके अन्य लोगों तक भी पहुँचाएं। बुद्ध का प्रथम उपदेश था– 'चार आर्य–सत्य' तथा 'आर्य अष्टांगिक मार्ग'। इनको धीरे–धीरे अभ्यास द्वारा अपने जीवन में उतारों और ग्रहण करो। इसके साथ ही साथ परम सूख का आनन्द लेकर जीवन को सुखमय बनाओं। इनका दूसरा उपदेश थ प्रतीत्यसमुत्पाद। इसका अर्थ है किसी कारण के ही द्वारा कोई कार्य उत्पन्न होता है। यदि कोई कारण न हो तो कार्य के उत्पन्न होने का प्रश्न ही नहीं उठता। इसे बुद्ध ने भव–चक्र की संज्ञा ही है। अर्थात् एक के उत्पन्न होने पर दूसरा उत्पन्न होता है तथ एक के निरूद्ध होने पर दूसरा निरूद्ध हो जाता है। यह चक्र जन्म से लेकर मृत्यु तक चलता रहता है। यदि यह भव–चक्र समाप्त हो जाये तो पुर्नजन्म भी समाप्त हो जाता है।

भगवान् बुद्ध का यह संदेश जहां कहीं भी पहुंचा, इसने अहिंसा, सहनशीलता, आध्यात्मिक, विनम्रता आदि का उपदेश दिया। इससे मानव जाति में सभी प्राणियों के प्रति मैत्री और करूणा की वर्षा होने लगी।

प्रस्तुत अंक में बुद्ध के उपदेशामृतों से समन्वित विद्वजनों के लेखों को प्रबुद्ध पाठकों के समक्ष उपस्थित करते हुए हम अपार हर्ष की अनुभूति कर रहे हैं। पत्रिका के समृद्ध सम्पादन में उन लेखकों व विद्वानों का हम âदय से आभार व्यक्त करते हैं जिनके लेखों एवं बहुमूल्य सुझाव द्वारा यह कार्य पूर्ण किया गया। हमें पूर्ण विश्वास है कि आप लोगों के सहयोग से प्रस्तुत पत्रिका का उत्तरात्तर विकास होता रहेगा।

डॉ संघमित्रा बौद्ध

Be a light into yourself

Bodhi Path, July 2018 Issue 15
ISSN 2347-8004

बौद्धदर्शन में सम्यक्दृष्टि

डॉ संघमित्रा बौद्ध, बौद्ध अध्ययन विभाग, दिल्ली विश्व विद्यालय, दिल्ली।
ई–मेल : sanghmb@gamil.com

बौद्धदर्शन में 'सम्यक्दृष्टि' का विशिष्ट महत्व है। सम्यक्दृष्टि से ही कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। बौद्धदर्शन में आर्य अष्टांगिक मार्ग को दुःख निरोधगामी मार्ग कहा गया है। यह मार्ग आठ अंगो से समन्नागत है तभी इसका नाम आर्य अष्टांगिक मार्ग है। यह मध्यमा प्रतिपदा भी है। इस आर्य अष्टांगिक मार्ग में प्रथम सम्यक्दृष्टि है। यहाँ दृष्टि से पूर्व 'सम्यक्' शब्द प्रयुक्त है क्योंकि दृष्टि या दर्शन मिथ्या भी होता है। 'सम्यक्' शब्द से मिथ्यादृष्टि का परिहार हो जाता है।

सम्यक्दृष्टि — जीव, अजीव आदि सभी तत्वों को यथार्थ ग्रहण करने वाली दृष्टि सम्यक्दृष्टि है। यह दृष्टि जिसे प्राप्त होती है, वह सम्यक्दृष्टि कहलाता है। सम्यक्दृष्टि जिस व्यक्ति को प्राप्त हो जाती है उसे निर्वाणगमन का आरक्षण पत्र उपलब्ध हो जाता है। सम्यकत्व एक प्रकार से आत्मविकास की सुदृढ़ पृष्ठभूमि है, जिस पर आरूढ़ होकर ही व्यक्ति पूर्ण विकास की स्थिति तक पहुंच सकता है। प्रमुख रूप से दृष्टि तीन प्रकार कर बतलाई गई है। सम्यक्दृष्टि, मिथ्यादृष्टि, सत्कायदृष्टि। नश्वर शरीर को आत्मा मानकर उसके प्रति मोह रखता है, वह सत्कायदृष्टि है।[1]

मिथ्यादृष्टि — जो दृष्टि जीव, अजीव आदि तत्वों को अयथार्थ ग्रहण करता है वह मिथ्यादृष्टि है। यह दृष्टि जिस व्यक्ति को होती है वह 'मिथ्यादृष्टि' कहलाता है। जिस प्रकार धतूरा आदि फल के खाने वाले व्यक्ति की दृष्टि दूषित हो जाने से वह वस्तुओं को विपरित देखता है, उसी प्रकार मोह से वशीभूत जो पदार्थों को विपरित देखता है, वह मिथ्यादृष्टि कहलाती है।[2]

बौद्ध परम्परा में सम्यक्दृष्टि — सम्यक् दृष्टि है सम्यक् दर्शन। भगवान् बुद्ध का दर्शन सम्यक्दृष्टि मूलक था। यहाँ सम्यक्दृष्टि से तात्पर्य यथार्थ ज्ञान से है, इसमें हम बुद्ध के दर्शन को पाते है। यह उनका यथार्थ ज्ञान चार आर्यसत्यों के रूप में था, जिसमें धर्म दर्शन सभी प्रत्ययों का समावेश हो जाता है। अर्थात् जो अकुशल को जानता है, अकुशल मूल को जानता है। कुशल को जानता है, कुशल मूल को जानता है वह सम्यक् दृष्टि है। जो धर्म स्वभाव को जानता है वह सम्यक् दृष्टि है। यह धर्म स्वभाव क्या है ?

बुद्ध के दर्शन में तिलक्खण की देसना सभी धर्मों के सत्य स्वभाव को प्रकाशित करता है। तिलक्खण है तीन लक्षण। किसका लक्षण ? धर्म का। जो कुछ भी धर्म है उसका स्वभाव ही लक्षण है। इसी के आधार पर भगवान् बुद्ध द्वारा कहा गया है –

सभी संस्कार अनित्य है,
सभी संस्कार दुःख है,
सभी धर्म अनात्म है।

जो कुछ भी धर्म लोक में है। वे दो प्रकार के है– संस्कृत और असंस्कृत । घर, पुस्तक, वस्त्र इत्यादि धर्म निर्मित हैं। अनेक धर्मों से वे सम्भूत (जुड़ के) हैं। तभी ये धर्म संस्कृत हैं। निर्वाण किसी भी पदार्थ से निर्मित नहीं हैं। तभी निर्वाण असंस्कृत है। इन धर्मों के स्वभाव का कथन तिलक्खण के द्वारा किया गया है।

1. सभी संस्कार अनित्य है – इस कथन के द्वारा कहा गया है कि जो कुछ भी संस्कृत धर्म हैं वे अनित्य हैं। सभी संस्कार क्षण–क्षण उत्पन्न होते हैं एवं विनष्ट होते हैं जो उत्पन्न होता है वह विनष्ट हो जाता है। सभी संस्कृत धर्मों का यही स्वभाव है।
2. सभी संस्कार दुःख है – अर्थात् सभी संस्कार दुक्खजनक है। मनुष्य वस्तुओं के प्रति तृष्णा रखता है। यदि वह उस वस्तु को प्राप्त नहीं करता तो उसे अत्यन्त दुक्ख होता है। इस तरह जहाँ हम तृष्णा करते हैं, मोह उत्पन्न करते हैं वह हमसे क्षण–क्षण दूर चला जाता है। जिन्हें हम प्रिय रूप में ग्रहण करते हैं, वे भी अनित्य है। तभी भगवान् के द्वारा कहा गया है ''सभी संस्कार दुःख है। ''
3. सभी धर्म अनात्म है – अर्थात् सभी धर्म आत्म एवं आत्मयीयभाव से विरहित है। बुद्ध ने कहा है कि जिन्हें हम पुरूष, पुद्गल या मनुष्य कहते हैं वे पंचस्कन्धों के समूह हैं, वे पंचस्कन्ध हैं – रूपस्कन्ध, वेदनास्कन्ध, संज्ञास्कन्ध, संस्कारस्कन्ध एवं विज्ञानस्कन्ध। सभी परिणाम धर्म उत्पन्न होते हैं एवं विनष्ट होते हैं उनमें न कोई स्कन्ध आत्मा है न उनमें आत्मा है। निर्वाण अज्ञात एवं अनिर्मित है वहाँ भी आत्मा नहीं है। इसलिए सभी धर्म अनात्म है।

इस प्रकार भगवान् बुद्ध द्वारा त्रिलक्खण प्रकासित है। उसको जानकर मनुष्य तृष्णा को विनष्ट करता हैं तृष्णा को विनष्ट करके वह परम सुख निर्वाण का साक्षत्कार करता है।

वस्तुतः सम्यक्दृष्टि का क्षेत्र विस्तृत है। संक्षेप में बुद्ध की शिक्षा को यथार्थ रूप में धारण करना सम्यक्दृष्टि है। इसकी व्याख्या करते हुए भदन्त आनन्द कौशल्यायन जी ने कहा है ''दुराचरण को दुराचरण समझना। सदाचरण को सदाचरण समझना। लोभ, मोह, द्वेष का मूल कारण समझना। अलोभ, अमोह, अद्वेष को सदाचरण का मूल कारण समझना। चार आर्यसत्यों को समझना। दस संयोजनो से मुक्त होन का प्रयास करना। आत्मा को लेकर किसी दृष्टि में नहीं लगना। प्रतीत्यसमुत्पाद के ज्ञान को यथार्थ रूप में समझाना सम्यक्दृष्टि है।''[3]

सम्यक्दृष्टि के साथ आर्य अष्टांगिक मार्ग तथा प्रतीत्यसमुत्पाद का पालन करना अनिवार्य है। जिस प्रकार कोई थका व्यक्ति मार्ग में कुआं पा जाए, लेकिन बाल्टी एवं डोर के अभाव में प्यास नहीं बुझा सकता है।[4] प्रतीत्यसमुत्पाद के ज्ञान को आर्यज्ञान कहा गया है, अच्छी तरह देखा जाना कहा गया है।[5] प्रतीत्यसमुत्पाद के ज्ञान के बाद आर्यश्रावक की दृष्टि सम्यक् दर्शन सम्पन्न सद्धर्म को प्राप्त, शैक्ष्य, ज्ञानों से युक्त, धर्म के स्रोत में आया हुआ, अमृत के द्वार पर खड़ा हुआ कहा जा सकता है। श्रमण और ब्राह्मण कहलाने का अधिकारी होता है।[6] सम्यक्दृष्टि को निर्वाण की ओर ले जाने वाला कहा गया है।[7]

इस प्रकार हम देखते हैं कि बौद्धदर्शन में 'सम्यक्दृष्टि' का विशेष महत्व है। सम्यक्दृष्टि हमें सही विचार देता है। जैसे गन्तव्य में पहुँचने के लिए पहले मार्ग चुना जाता है। यदि मार्ग ही गलत चुना जाएगा, तो गन्तव्य तक नहीं पहँचा जा सकता। इसलिए सम्यक्दृष्टि के महत्व को स्वीकृत करके यथार्थज्ञान को सम्यक्दृष्टि माना गया है।

सन्दर्भ संकेत :

1. तीर्थंकर, बुद्ध और अवतार–एक अध्ध्यन, डॉरमेश चन्द्र गुप्त
2. पालि एवं प्रकृत विद्या–एक तुलनात्मक अध्ययन, डॉ विजयकुमार जैन
3. बौद्ध धर्म : एक बुद्धिवादी अध्ययन, भदन्त आनन्द कौशल्यायन
4. संयुत्तनिकाय पालि, भाग 2, पृ 98–101
5. वही पृ 58
6. वही पृ 38–40
7. संयुत्तनिकाय पालि, भाग 4, पृ 162

हीनयान एवं महायान में निर्वाण की कल्पना

सुभम कुमार
शोध छात्र,
बौद्धअध्ययन विभाग,
नव नालन्दा महाविहार, नालन्दा
ईमेल–kumarsubham599@gmail.com

निर्वाण के संबंध में हीनयान और महायान की कल्पनाओं में काफी भिन्नता है। बौद्धधर्म का सभी सम्प्रदाय निर्वाण के संबंध में अपना अलग मत पतिपादित किया है। निर्वाण भावरूप है या अभावरूप। इस विषय को लेकर बौद्ध दर्षन में पर्याप्त मीमांसा की गई है।

निकायों के अध्ययन से प्रतीत होता है कि निर्वाण क्लेषाभाव रूप है। जब क्लेष के आवरण का सर्वथा निरोध हो जाता है तब निर्वाण की अवस्था का उदय होता है। इसे सुख रूप भी बतलाया गया है। परन्तु अधिकांष बौद्धनिकाय निर्वाण को अभावात्मक ही मानता है। मिलिन्द प्रष्न में निर्वाण के सुस्पष्ट करते हुए कहा गया है कि निरोध हो जाना ही निर्वाण है। संसार के सभी अज्ञानी प्राणी इन्द्रियों और काम–विषयों में रमे होने के कारण विभिन्न प्रकार के कष्ट पाते हैं। परन्तु ज्ञानी आर्य साधक इन्द्रियों और विषयों में लिप्त नहीं होते हैं और न उसमें आनन्द लेते हैं, फलस्वरूप उसकी तृष्णा निरोध हो जाता है। तृष्णा के निरोध के साथ उपादान का तथा भव का निरोध हो जाता है। इस प्रकार पुर्नजन्म के समाप्त होते ही सभी दुःख का निरोध हो जात है। अन्ततः तृष्णादिक क्लेषों का निरोध हो जाना ही निर्वाण है। मिलिन्द प्रष्न में बड़े ही सुन्दर उपमा के द्वारा निर्वाण को सुस्पष्ट किया है। कहा गया है कि जिस प्रकार जलती हुई आग की लपट बुझ जाने पर दिखलाई नहीं जा

सकती, उसी प्रकार निर्वाण प्राप्त हो जाने के बाद वह व्यक्ति दिखलाया नहीं जा सकता।[1] महाकवि अष्वघोष ने निर्वाण को सुस्पष्ट इन षब्दों में किया है –

दीपो यथा निर्वृतिमभ्युपेतो नैवावनि गच्छति नान्तरिक्षम्।
दिषं न काञ्चिद विदिषं न काञ्चित् स्नेहक्षयात् केवलमेति षान्तिम्।
तथा कृती निर्वृतमभ्युपेतो नैवावनिं गच्छति नान्तरिक्षम्।
दिषं न काञ्चिद् विदिषं न काञ्चित् क्लेषक्षयात् केवलमेति षान्तिम्।।[2]

अर्थात् बुझा हुआ दीपक न तो पृथ्वी में जाता है, न अन्तरिक्ष में, न किसी दिषा, न विदिषा में प्रत्युत स्नेह (तेल) के क्षय होने से वह केवल षान्ति को प्राप्त कर लेता है। उसी प्रकार ज्ञानी पुरुष न तो कहीं जाता है, न पृथ्वी पर, न अन्तरिक्ष में, न किसी दिषा में, न किसी विदिषा में, केवल क्लेष के क्षय हो जाने पर षान्ति प्राप्त कर लेता है। निर्वाण की सामान्य कल्पना यही है। ज्ञान के उदय होने से जब अविद्या के बन्धन स्वतः समाप्त हो जाते हैं उस समय अर्हत् की अवस्था का नाम निर्वाण है। यही अन्तिम लक्ष्य है जिसके लिए भगवान् तथागत ने अपने धर्म का उपदेष दिया है। निर्वाण इसी लोक में प्राप्त होता है। वेदान्त में मुक्त पुरुष की जो कल्पना है वही कप्पना निर्वाण प्राप्त अर्हत् की है। फिर भी निर्वाण के स्वरूप के विवेचन में हीनयान तथा महायान धर्म के अनुयायियों में अन्तर है। सामान्य रूप से कहा जा सकता है कि हीनयान निर्वाण को दुःख का अभावमात्र मानता है और महायान उसे आनन्दरूप स्वीकारता है। परन्तु हीनयान के सम्प्रदायों के अन्दर भी उनके मतों में भिन्नता दृष्टिगोचर होती है।

स्थविरवादियों की दृष्टि में निर्वाण मानसिक तथा भौतिक जीवन का चरम निरोध है। निर्वाण प्राप्त होने के बाद व्यक्तित्व का पूर्णतः निरोध हो जाता है। निर्वाण षब्द का अर्थ है – बुझ जाना, षांत हो जाना। जिस प्रकार दीपक तब तक जलता रहता है जब तक उसमें वत्ती और तेल मौजूद रहता है। लेकिन तेल और वत्ती के नष्ट होते ही दीपक स्वतः षान्त हो जाता है, उसी प्रकार तृष्णा आदि क्लेषों के विराम हो जाने पर जब यह भौतिक जीवन अपने चरम अवसान पर पहुंच जाता है, यही अवस्था निर्वाण कहलाता है।

वैभाषिकों के मत में भी निर्वाण अभावात्मक है। इनका मत स्थविरवादियों के समान ही है। वैभाषिकों के अनुसार निर्वाण प्रतिसंख्यानिरोध है, अर्थात् विषुद्ध प्रज्ञा के सहारे सांसारिक स्राश्रव धर्मों तथा संस्कारों का जब अन्त हो जाता है तब वही निर्वाण कहलाता है।[3] निर्वाण नित्य, असंस्कृत धर्म, स्वतंत्र भाव तथा पृथक्भूत सत्य पदार्थ है।[4] निर्वाण अचेतन का सूचक है अथवा चेतन अवस्था का। इस संबंध में वैभाषिकों में एकमत नहीं दिखाई पड़ता। तिब्बती परम्परा से ज्ञात होता है कि वैभाषिक लोग निर्वाण की प्राप्ति के अवसर पर चेतना का पूर्णतः निरोध मानते थे जो क्लेषोत्पादक संस्कारों के द्वारा प्रभावित

[1] मिलिन्द प्रष्न, पृ॰ 92.
[2] आचार्य अष्वघोष – सौदरनन्द, 16/28, 29.
[3] प्रतिसंख्यानमनास्रवा एव प्रज्ञा गृह्यते तेन प्रज्ञाविषेषेण प्राप्यो निरोधः इति प्रतिसंख्यानिरोधः। यषोमित्र – अभिधर्मकोष व्याख्या, पृ॰ 16.
[4] द्रव्यं सत् प्रतिसंख्यानिरोधः – सत्यचतुष्टय–निर्देष–निर्दिष्टत्वात् मार्गसत्यवत् इति वैभाषिकाः। वही, पृ॰ 17.

होती है। इसका अभिप्राय यह है कि आश्रवों से किसी प्रकार भी प्रभावित न होने वाली कोई चेतना अवष्य है जो निर्वाण की प्राप्ति होने के बाद भी विद्यमान रहती है। वैभाषिकों का यह मत एकांगी था। वैभाषिकों का सामान्य मत यही है कि यह अभावात्मक है। संघभद्र की 'तर्कज्वाला' के अध्ययन से ज्ञात होता है कि मध्यभारत में वैभाषिकों का एक ऐसा सम्प्रदाय था जो 'तथता' नामक चतुर्थ असंस्कृत धर्म मानता था। यह तथता वैषेषिकों के अभाव पदार्थ के समान था। निर्वाण की कल्पना के लिए ही अभाव के चारों भेद – प्रागभाव, प्रध्वंसाभाव, अन्योन्यभाव और अत्यन्ताभाव की कल्पना की गई थी। यह तथता महायान के परमार्थ सत्य के लिए प्रयुक्त तथता षब्द से भिन्न है। इस प्रकार वैभाषिकों के मत में निर्वाण क्लेषाभाव रूप माना जाता है। परन्तु अभाव होने पर भी यह सत्तात्मक पदार्थ है। वैभाषिक लोग भी वैषेषिकों के समान 'अभाव' को पदार्थ मानते थे। भाव पदार्थों के समान अभाव भी स्वतंत्र पदार्थ था।

सौत्रान्तिक मत के अनुसार निर्वाण को विषुद्ध ज्ञान के द्वारा उत्पन्न होनेवाले भौतिक जीवन का चरम निरोध मानते थे। इस अवस्था में भौतिक सत्ता किसी प्रकार विद्यमान नहीं रहती। इसलिए यह उस सत्ता का अभाव माना गया है। इस विषय में इनका मत वैभाषिकों से बिल्कुल अलग है। वैभाषिक लोग तो निर्वाण को स्वतः सत्तावान् पदार्थ और वस्तु नहीं मानते। निर्वाण की प्राप्ति के बाद सूक्ष्म चेतना विद्यमान रहती है, जो परम षांति में लिप्त रहती है। भोट देष की परम्परा से ज्ञात होता है कि सौत्रान्तिकों की एक उपषाखा ऐसी थी जो निर्वाण को भौतिक सत्ता तथा चेतना का उपषम मानती थी। उनके मतानुसार निर्वाण लाभ करने वाले अर्हत् को भौतिक सत्ता का ही पूर्णतः निरोध नहीं हो जाता अपितु चेतना का भी विनाष हो जाता है। इनके अनुसार निर्वाण के बाद कुछ भी षेष नहीं रहता अर्थात् न तो जीवन और न ही चेतना का कोई अंष ही षेष रहती है। इस प्रकार यह निर्वाण नितान्त अभावात्मक है।

निर्वाण की हीनयानी कल्पना ब्राह्मण दार्षनिकों में न्याय–वैषेषिक की मुक्ति की कल्पना के समान है। गौतम ने सुस्पष्ट षब्दों में कहा है कि दुःख से अत्यन्त विमोक्ष को अपवर्ग (मुक्ति) कहते हैं।[5] अत्यन्त का अर्थ है चरम अवसान। जब तक वासना आदि आत्मगुणों का नाष नहीं होता, तब तक दुःख की आत्यन्तिकी निवृत्ति नहीं हो सकती। इसलिए आत्मा के नवों विषेष गुणों का (वुद्धि, सुख, दुःख, इच्छा, द्वेष, प्रयत्न, धर्म, अधर्म तथा संस्कार) मूलोच्छेद हो जाता है। मुक्त दषा में आत्मा अपने विषुद्ध स्वरूप में प्रतिष्ठित हो जाता है और विषेष गुणों से विरहित रहता है। वह छह प्रकार के ऊर्मियों से भी रहित हो जाता है। ऊर्मि का अर्थ है क्लेष। भूख–प्यास प्राण के, लोभ–मोह चित्त के, षीत–आतप षरीर के। ये छहों क्लेष दायक होने के कारण ऊर्मि कहलाते हैं। मुक्त आत्मा इन छहों ऊर्मियों के प्रभाव को पार कर लेता है और सुख, दुःख आदि सांसारिक बन्धनों से विमुक्त हो जाता है। उस अवस्था में दुःख के समान सुख का भी अभाव आत्मा में रहता है। इसलिए नैयायिक लोग मुक्ति को दुःख का अभाव रूप मानते हैं।

[5] तदत्यन्तविमोक्षोऽपवर्गः। न्यायसूत्र 1/1/22.

महायान के अनुसार मुक्ति को वास्तविक रूप में निर्वाण को स्वीकार करने के पक्ष में कथमपि नहीं है। उनका कहना है कि इस निर्वाण से केवल क्लेषावरण का ही क्षय होता है और ज्ञेयावरण की सत्ता विद्यमान ही रहती है। हीनयानी की दृष्टि में राग–द्वेष की सत्ता पंचस्कन्ध के रूप से अथवा उससे भिन्न प्रकार से आत्मा की सत्ता मानने के ऊपर निर्भर है। आत्मा की सत्ता रहने पर ही मनुष्य के हृदय में यज्ञ आदि में हिंसा करने की प्रवृत्ति होती है।[6] परलोक में आत्मा को सुख पहुंचाने के लिए ही मनुष्य विभिन्न प्रकार के अकुषल कर्मों का सम्पादन करता है। इसलिए समस्त क्लेष और दोष इसी आत्मदृष्टि (सत्काय दृष्टि) के विषय परिणाम है। अतः आत्मा का निरोध करना क्लेष के नाष उत्तम उपाय है। इसे पुद्गल नैरात्म्य कहते हैं। हीनयान पुद्गल नैरात्म्य को स्वीकारता है, लेकिन इस नैरात्म्य के ग्रहण करने से केवल क्लेषावरण का ही क्षय होता है। इससे भिन्न दूसरा आवरण की सत्ता को ज्ञेयावरण कहा जाता है। विज्ञप्तिमात्रतासिद्धि में इन दोनों आवरणों का विस्तृत वर्णन किया गया है।

आवरणों का यह द्विविध भेद दार्षनिक दृष्टि से विषेष महत्वपूर्ण स्थान है। महायान के अनुसार हीनयानी निर्वाण में केवल पहिले आवरण का ही क्षय होता है। परन्तु षून्यता के ज्ञान होने से दूसरे प्रकार के आवरण का भी क्षय होता है। तब तक इस दूसरे आवरण का क्षय नहीं होता, तब तक निर्वाण हो नहीं सकता। हीनयानी उक्त मत को स्वीकार नहीं करते हैं। उनकी दृष्टि में ज्ञान प्राप्त कर लेने पर अर्हतों का ज्ञान अनावरण हो जाता है परन्तु महायान की यह कल्पना नितान्त मौलिक है। हीनयान के अनुसार अर्हत् पद की प्राप्ति ही मानव जीवन परम लक्ष्य है। परन्तु महायान के अनुसार बुद्धत्व प्राप्ति ही जीवन का उद्देष्य है। इसी उद्देष्य की भिन्नता के कारण ही निर्वाण की कल्पना में भी भेद है।

नागार्जुन ने माध्यमिक कारिका के पचीसवें परिच्छेद में निर्वाण का विष्लेषण बड़े सुन्दर ढ़ंग से किया है। उन्होंने कहा है कि निर्वाण न तो छोड़ा जा सकता है और न प्राप्त किया जा सकता है। यह न तो उच्छिन्न होनेवाला पदार्थ है और न षाष्वत पदार्थ है। न तो निरुद्ध है और न यह उत्पन्न है। उत्पत्ति होने पर ही किसी वस्तु का निरोध होता है। यह दोनों से भिन्न है –

अप्रहीणमसम्प्राप्तमनुच्छिन्नमषाष्वतम्।
अनिरुद्धमनुत्पन्नमेतन्निर्वाणमुच्यते।।

चन्द्रकीर्ति ने इस कारिका की व्याख्या करते हुए कहा है कि राग के समान निर्वाण का प्रहाण नहीं हो सकता और न सात्त्विक जीवन के फल के समान इसकी प्राप्ति ही संभव है। हीनयानियों के निर्वाण के समान यह नित्य नहीं है। यह स्वभाव से ही उत्पत्ति और विनाष–रहित है और इसका लक्षण षब्दतः निर्वचनीय नहीं। तब तक इस प्रकार की सत्ता बनी रहती है तब तक निर्वाण की प्राप्ति नहीं हो सकती। महायानियों के अनुसार निर्वाण और संसार में कोई भेद नहीं है। अतः कल्पना–जाल के क्षय होने का नाम ही निर्वाण है।

---

[6] सत्कायदृष्टिप्रभवानषेषान्, क्लेषांष्च दोषांष्च धिया विपष्यन्।
आत्मानमस्या विषयष्च बुद्ध्वा, योगी करोत्यात्मानिषेधमेव।।
चन्द्रकीर्ति – माध्यमिकावतार, 6/120; माध्यमिक वृत्ति, पृ॰, 344.

नागार्जुन ने निर्वाण को भाव पदार्थ मानने वाले तथा अभाव पदार्थ मानने वाले दार्षनिकों के मत की आलोचना की है। उसके मत में निर्वाण भाव तथा अभाव दोनों से परे पदार्थ है। यह अनिर्वचनीय है। यह परम तत्त्व है। इसी को भूतकोटि या धर्म धातु कहा जाता है।

हीनयान तथा महायान के ग्रन्थों के विष्लेषण से निर्वाण के संबंध में सामान्य कल्पना निम्न प्रकार से द्रष्टव्य किसा जा सकता है –

1. यह षब्दों के द्वारा प्रकट नहीं किया जा सकता। यह असंस्कृत धर्म है, अतः न तो इसकी उत्पत्ति है, न विनाष है और न परिवर्तन है।

2. इसकी अनुभूति अपने ही अन्दर स्वतः की जा सकती है। इसी से योगाचारी लोग 'प्रत्यात्मवेद्य' कहते हैं और हीनयानी लोग 'पञ्चर्त्त वेदितव्यं' षब्द के द्वारा कहते हैं।

3. यह भूत, वर्तमान और भविष्य, इन तीनों कालों के बुद्धों के बुद्धों के लिए एक है और सम है।

4. मार्ग के द्वारा निर्वाण की प्राप्ति होती है।

5. निर्वाण में व्यक्तित्व का सर्वथा निरोध हो जाता है।

6. दोनों मत वाले बुद्ध के ज्ञान तथाषक्ति को लोकोत्तर, अर्हत् के ज्ञान से बहुत ही उन्नत मानते हैं। महायानी लोग अर्हत् के निवारण को निम्नकोटि का तथा असिद्धावस्था का सूचक मानते हैं। इस बात को हीनयानी स्वीकार नहीं करते हैं।

संक्षेप में कहा जा सकता है कि हीनयान मत में तब भिक्षु अर्हत् की दषा प्राप्त कर लेता है तब उसे निर्वाण की उपलब्धि होती है। साधारणतया प्राणी पूर्व कर्मों के कारण उत्पन्न होनेवाले धर्मों का संघातमात्र है। वह अनन्त काल में इस संषय में पड़ा हुआ है कि उसके अन्दर आत्मा नामक कोई चेतन पदार्थ है। अष्टांगिक मार्ग के पालन करने से प्रत्येक व्यक्ति को वस्तुओं की अनित्यता का अनुभव हो जाता है। जिन स्कन्धों से उसका देह निर्मित हुआ है वे स्कन्ध विषिष्ट रूप से उसी के ही नहीं है। संसार के प्रत्येक प्राणी उन्हीं स्कन्धों से बने हुए हैं। इस विषय का जब पूर्णतः ज्ञान प्राप्त हो जाता है तब वह निर्वाण पद को प्राप्त हो जाता है। निर्वाण वह मानसिक दषा है जिसमें भिक्षु जगत् के अनन्त प्राणियों के साथ अपना भेद नहीं कर सकता। उसके व्यक्तित्व का लोप हो जाता है तथा सब प्राणियों के उकत्व की भावना उसके ह्रदय में जागृत हो जाती है। साधारण रूप से हीनयानी के अनुसार यही निर्वाण की कल्पना है। इससे बिल्कुल भिन्न महायानी लोग धर्मों की सत्ता मानते ही नहीं। वे लोग केवल धर्मकाय या धर्मधातु को ही एक सत्य मानते हें। बुद्ध को छोड़कर जितने प्राणी हैं वे सब कल्पना–जाल में जकड़े हुए हैं। पुत्र और धन को रखने वाला व्यक्ति उसी प्रकार संषय में पड़ा हुआ है जिस प्रकार सुख और षांति के सूचक निर्वाण को पानेवाला हीनयानी अर्हत्। दोनों असत्य में सत्य की भावना कर कल्पना के प्रपंच में पड़े हुए हैं। हीनयान सम्प्रदाय में निर्वाण की एक परम सत्ता है। उसे छोड़कर संसार के सभी पदार्थ कल्पनाप्रसूत हैं। जिस क्षण में प्राणी इस बात का अनुभव करने लगता है कि वही सत्य है, संसार निर्वाण से अलग नहीं है अर्थात् दोनों एक ही हैं। उस क्षण में वह बुद्धत्व को ग्रहण कर लेता है। उसे ज्ञान हो जाता है कि संसार के सभी वस्तु

जो दृष्यवान हैं वह पदार्थ आत्मषून्य है, इसका भी ज्ञान होना परमावष्यक है। जब इस ज्ञान की प्राप्ति हो जाती है तब महायानी कल्पना के अनुसार निर्वाण की प्राप्ति हो जाती है।

त्रिरत्न

Bhikhu Prajnapal
Research Assistant
Pali-Hindi Dictionary
Nava Nalanda Mahavihara, Nalanda

बुद्ध का वचन जीवन के व्यावहारिक पक्ष पर आधारित है इसलिए लोगों ने बौद्ध धर्म को जीवन जीने की कला कहा है। दुनिया के सबसे ज्यादा विष्वविद्यालयों में बुद्धवचन पढ़ाया जाता है क्योंकि बौद्ध धर्म बुद्धिवादी अध्ययन है। बौद्ध धर्म में अंधश्रद्धा, अंधविष्वास और कर्मकाण्ड का कोई स्थान नहीं है। जो बातें वैज्ञानिक होती हैं उसे ज्यादा से ज्यादा लोग अध्ययन का विषय बनाते हैं। बौद्ध धर्म परिस्थितिजन्य सत्य से ऊपर उठकर सार्वभौमिकता का अध्ययन करता है। बुद्ध ने कहा, जिसमें विष्व धर्मता है, वही धर्म है। बुद्ध ने अपने अन्वेषण में धर्मता का अध्ययन किया और धर्म की सार्वभौमिकता का संदेष दिया। इस धर्मता के संदेष को जन–जन तक पहुंचाने के लिए संघ का निर्माण किया गया। यह संघ आज भी बौद्ध देषों में बौद्ध विहार के रूप में देखा जाता है इसलिए बुद्ध की बोधिप्राप्ति, तदुपरांत धर्मोपदेष एवं जन–सामान्य को सुलभ बनाने हेतु संघ का निर्माण बौद्ध धर्म में त्रिरत्न कहा जाता है। बुद्ध, धर्म और संघ बौद्ध धर्म का त्रिरत्न है। कुमार सिद्धार्थ द्वारा बुद्धत्व की प्राप्ति से बुद्ध का जन्म हुआ, बुद्धत्व को जन–जन तक पहुंचाने के लिए संघ का निर्माण किया गया। यही त्रिरत्न बौद्ध धर्म का मूल आधार है। बुद्ध के उपदेष में पराषक्ति का कहीं स्थान नहीं है। ऐसी शक्तियों का निषेध है, ये शक्तियां काल्पनिक हैं। बुद्ध ने जनता की अन्तःषक्तियों को जागृत करने का प्रयास किया। इस प्रकार की शक्ति हर व्यक्ति के अन्दर छिपी हुई आत्मबल है, जो जीवन में सफलता की कुंजी है। आत्मषक्ति का विकास शील आचरण से होता है। इसलिए व्यक्ति को शील आचरण सम्पन्न होना चाहिए न कि कर्मकाण्ड सम्पन्न। बौद्ध धर्म में रुचि रखने वाले सरण गमन करते हैं। ये तीन सरण– बुद्ध, धर्म और संघ के रूप में शील आचरण को समृद्ध करने के लिए आवष्यक है। बौद्ध जगत के हर उपासक त्रिरत्न और पंचषील को अपना धार्मिक कृत्य मानते हैं। आज भारत में बौद्ध धर्म को समझने की उत्सुकता जागृत हुई है, तो त्रिषरण और पंचषील को समझना आवष्यक है।

बुद्धिवादी अध्ययन– बौद्ध धर्म एक बुद्धिवादी अध्ययन है। इसमें कर्मकाण्ड, अंधविष्वास और बाह्याडम्बर नहीं है। यहां सत्य का अन्वेषण है, जिस सत्य तक स्वयं प्रयत्न कर पहुंचा

जा सकता है। किसी के सहारे की आवष्यकता नहीं। केसमुHसुH से ज्ञात होता है कि चारिका करते भगवान बुद्ध एक दिन कलाम क्षत्रियों के गांव पहुंचे। कलाम क्षत्रियों ने बुद्ध से प्रष्न किया– "बहुत सारे श्रमण ब्राह्मण हमारे गांव में आते हैं और यह दावा भी करते हैं कि मेरा मत अंतिम सत्य है इससे ऊपर या अन्य कुछ सत्य नहीं है। शेष जो कोई बतलाता है, वह मिथ्या है।" तब बुद्ध ने कलाम क्षत्रियों से कहा– "बहुत पुराने समय से चली आ रही होने के कारण किसी बात में विष्वास मत करो, किसी धर्म ग्रंथ में लिखी हुई है इसलिए भी विष्वास मत करो। किसी बात को इसलिए भी स्वीकार मत करो कि उसे बहुत सारे लोग मानते हैं। किसी बात को इसलिए भी स्वीकार मत करो कि वह असाधारण प्रतीत होता है बल्कि उसे अपनी बुद्धि की कसौटी पर कसो और जब ऐसा लगे कि वह तुम्हें अपने लिए और सभी के लिए हितकर है तो उसे स्वीकार करो और जीवन में उतारो।"[7] इसलिए बौद्ध धर्म किसी भी बात को बिना छान–बीन किये स्वीकार करने के लिए नहीं कहता। यह नहीं कहता कि किसी के समझाने से उस पर विष्वास करो। किसी पर विष्वास करना पहले अपने आप को धोखा देना फिर बाद में दूसरों को धोखा देने के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। किसी पर विष्वास ढोंग के लिए एक श्रुति मधुर शब्द है जो किसी संप्रदाय का हो सकता हे, किसी धर्म या सत्यान्वेषी के हित में नहीं। बुद्ध ने कलामों को दिये इस उपदेष के माध्यम से भारतीय समाज में व्याप्त बाह्याडम्बर, कर्मकाण्ड और अंधविष्वास पर प्रहार किया है। जो इस प्रकार है–

1. **मा अनुस्सवेन–** परंपरा से सुनी हुई बात अनुश्रवण है और मा निषेधार्थक है। यह किंवदंती है, जिस कथन को सुनते चले आ रहे हैं और उसे प्रमाणिक मान रहे हैं। वेद श्रुति है, जिसे अनुश्रवण कर संजोया गया है, बुद्ध प्रमाणिक नहीं मानते थे। उसमें अनेक परिवर्तनों की आवष्यकता थी। बुद्ध सुनी–सुनायी बातों को मानने के पहले सोचने और उपयोगी होने पर उसे मानने के लिए कहते थे। आज भी वास्तविक जीवन में कुछ घटनायें अनुश्रवण मात्र से मानते हैं, जिसका वैज्ञानिक आधार शून्य है। अनुश्रवण से आई हुई कुछ कुरीतियां या अव्यवहारिक कृत्य, जो दैनिक जीवन में देखा जाता है, जिसका वैज्ञानिक आधार नहीं होता है, पर उन कृ त्यों को जरूर करते हैं, बुद्ध ऐसे बातों को करने के पहले सोचने के लिए कहते हैं। यथा– श्मषान घाट पर भूत–प्रेत का नाचना, शाम में दरवाजा बंद करने से लक्ष्मी का नाखुष होकर लौट जाना, रोग आ जाने पर गोरैया–डिहवाल जैसे देवी–देवताओं की पूजा करने से रोगी को चंगा हो जाना आदि ऐसे क्रिया–कलाप है जो अनुश्रवण से हमारे पास आते हैं और पीढ़ी–दर–पीढ़ी उसके चक्कर में लगे रहते हैं। प्लेग, हैजा और चेचक जैसे रोग के आने पर यज्ञ करना अनुश्रवण के द्वारा किया गया रोग–निरोधक उपकारक कृत है, जिसका वैज्ञानिक आधार लेषमात्र नहीं, केवल

[7] मा अनुस्सवेन, मा परम्पराय, मा इतिकिरियाय, मा पिटकसम्पदानेन, मा तक्कहेतु, मा नय हेतु, मा आकारपरिवितक्केन, मा दि♣निज्झानक्खन्तिया, मा भब्बरूपताय, मा समणो नो गरुति, केसमुHसुH, अ⌊तर निकाय, तिकनिपात, पृ॰ 217।

अनुश्रवण से सुनी–सुनायी बातों पर विष्वास है, जिसका पालन लोग करते हैं और अंधविष्वास के मकड़जाल में पड़े रहते हैं। यहां अपना विवेक बुद्धि का प्रयोग नहीं करते हैं, जबकि बुद्ध हर काम को अपनी बुद्धि से सोच–समझकर करने के लिए कहा करते थे। सुनी–सुनायी बातों पर चलना एक प्रकार का पागलपन है। आजकल एक समाचार प्रसारित हो रहा है, जिसमें ग्यारह व्यक्तियों की सामूहिक आत्महत्या का कारण अनुश्रवण मात्र है। ललित भाटिया का अपने मृत पिता की आत्मा से बात होना और उनके कथनानुसार कार्य करते जाना अनुश्रवण है। स्वप्नों में पिता का अनुश्रवण, पिता से ललित का अनुश्रवण और ललित से पूरे परिवार का अनुश्रवण एक भरा–पूरा परिवार को समाप्त कर दिया। किसी व्यक्ति ने नहीं सोचा कि मरने के बाद फिर आदमी जीवित कैसे हो सकता है। बुद्धि की कसौटी पर न आत्मा है न परमात्मा, तो ललित का अपने परिवार की आत्मा को परमात्मा से मिलने के बाद लौटने की बात पागलपन मात्र था। बुद्ध ऐसे ही अंधविष्वासों से ऊपर उठकर अपनी बुद्धि से काम लेने की बात करते थे, जो वैज्ञानिक तथ्यों पर खरा उतरता हो, वही बुद्धि है। इसलिए बुद्ध ने कलाम क्षत्रियों को अनुश्रवण मात्र से किसी पर विष्वास करने से मना किया।[8]

2. **मा परम्पराय–** मा परम्पराय का अर्थ है परम्परा से चलते रहने के कारण उस पर विष्वास मत करो। बुद्धकाल में अनेक श्रमण–ब्राह्मण यह कहकर समाज के सीधी–साधी जनता को ठगते थे कि यह हमारे पूर्वजों द्वारा मान्य होता चला आया है इसलिए यह सत्य है। व्यक्ति और समाज के आवष्यक उपकारक कृत्य है। इसे जीवन में उतारना चाहिए। इस प्रकार का कृत्य परंपरा बन जाती है। समाज मानने के लिए बाध्य होता है। परंपरा से चली आ रही अनेक कृत्य है जिसे बुद्ध के विचारों से परिमार्जित करने की आवष्यकता है। यहां उदारणार्थ श्राद्ध कर्म द्रष्टव्य है। मरणोपरांत किया जाने वाला कर्मकाण्ड श्राद्ध है। इस कर्मकाण्ड में सभी पढ़े–लिखे विद्वान, डॉक्टर, इंजीनियर, अधिकारी परम्परा से चले आने के कारण संलग्न होते हैं। उसका इसलिए निर्वहन करते हैं कि यह तो पहले से चला आ रहा है। उनका विष्वास है कि इस कर्मकाण्ड का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है, करने का कोई औचित्य नहीं है फिर भी परंपरा से चलते रहने के कारण करते हैं। इस परंपरा में मृतक के मुंह में कुछ द्रव्य देते हैं। दाह–कर्म के बाद घर आने पर घर पर लोहा छूते हैं। दस दिनों तक टांटी बांधते हैं। प्रतिदिन सुबह–सवेरे कागबलि देते हैं। कर्ता नमक से परहेज करता है। घर और गोत्र के अन्य सदस्य खाने में तेल–हल्दी का परहेज करते हैं। तीन और सात दिन पर औरतें स्नान करती हैं। स्नान करने में तेल और साबुन का व्यवहार नहीं करती हैं। कुष रोपते हैं। उसमें जल देते हैं। दसवें

[8] मा अनुस्सवेनाति अनुस्सवकथायपि मा गण्हित्थ, अ⌡तर निकाय अ♣कथा केसमुH सुH, पृष्ठ 219।

दिन सभी स्वजन परिजन हजामत बनावते हैं। एकादषा करते हैं। महापात्र को वह हर चीज का दान देते हैं, जो मरे व्यक्ति के इस्तेमाल के नाम पर दिया जाता है, यथा– खाट–बिछावन, छाता–छड़ी, गीता–रामायण का दान, स्वर्ग तक पहुंचाने के लिए बछड़ा, जिसकी पूंछ पकड़ कर मृतक वैतरणी नदी पार करने की मान्यता बताते हैं। बारहवें दिन छोटे-छोटे लोटा–थाली–गिलास एवं पिण्ड (चावल का चूर्ण) से मृतक को प्रेत योनि से देव योनि तक पहुंचाने का कार्यक्रम होता है। तेरहवें दिन पीपल में जल दिया जाता है और तब चौदहवें दिन घरवाले स्वजन और परिजन इस श्राद्धकर्म से छुट्टी पाते हैं। इस काम को करने में सभी पढ़े-लिखे लोग होते हैं। कोई डॉक्टर होते हैं, कोई इंजीनियर होते हैं, कोई प्रषासनिक अधिकारी होते हैं। पूछे जाने पर यह बताते हैं कि यह अनावष्यक है, इसकी कोई आवष्यकता नहीं है। फिर उनसे पूछा जाता है– आप क्यों करते हैं तो उनका उHर होता है– परंपरा से चला आ रहा है। बुद्ध ऐसे ही अनेक प्रकार के अनावष्यक कर्मकाण्ड को करने से मना करते थे। ऐसे कर्मकाण्डों में बहुमूल्य समय नष्ट करने से बचना चाहिए। यही बुद्ध का बुद्धिवादी अध्ययन है। बुद्ध मा परम्पराय के माध्यम से लोगों को यह बताना चाहते थे कि परंपरा को तोड़ो। जिस समय ऐसे नियम बनाये गये थे, जो परिस्थिति थी, आज वह नहीं है। कर्मकाण्ड का निर्माण ही मानसिक रूप से गुलाम बनाने के लिए हुआ है। जिस प्रकार वैदिक लोग परंपरावादी भोली–भाली जनता को कहते गये, वैसे ही अंधानुकरण आगे की पीढ़ी करती चली आयी। ऐसी परंपराओं पर बुद्धि का इस्तेमाल करना चाहिए कि ये सारे कर्मकाण्ड का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है केवल परंपरागत विचार है। इसलिए बुद्ध ने कलाम क्षत्रियों को परंपरा से चली आ रही कथन को करने से मना किया।[9]

3. **मा इतिकिराय–** इतिकिराय का अर्थ है– इसी प्रकार से कहा गया और मा निषेधार्थक है अर्थात् परम्परा, अनुश्रुति और किंवदंती कथन पर विष्वास नहीं करना ही मा इतिकिराय है। दूसरे शब्दों में इति का तात्पर्य पूर्व की घटनाओं से है अर्थात् इतिहास से है। ऐसा कहा गया था पहले से ऐसा कहा जाने के कारण उस पर विष्वास करना इतिकिराय है। बुद्ध इतिहास रचना पर संदेह व्यक्त करते नजर आते हैं। यह व्यावहारिक सत्य है कि इतिहास की रचना एकांगी होती है। बुद्ध श्रमणों के इतिहास को भली-भांति जानते थे। श्रमण और ब्राह्मण का ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से अवगत थे। आर्यों के वैदिक कर्मकाण्ड को समझ चुके थे। ऋग्वेद उस काल में भी था। पुरन्दर के क्रिया-कलाप और वास्तविक स्थिति को पूर्णत समझ चुके थे। इतिहास की इन कमियों के कारण कलाम क्षत्रियों को उपदेष करते हुए कहते हैं कि कलामों इतिहास में कहे जाने के कारण उस पर विष्वास मत करो। उसे भी अपने स्तर से सत्यता की परख कर लो, तब उस पर विष्वास करो। इतिहास में विजित

[9] मा परम्परायाति परम्परकथायपि मा गण्हित्थ, वही पृष्ठ 219।

पक्ष की बात को फोकस किया जाता है, पराजित पक्ष की बात अनसुनी की जाती है। अषोक को इतिहासकार का एक वर्ग चण्डाषोक और अपने निन्यानवें भाइयों का हत्यारा कहा है। देवानांप्रिय के सही अर्थ की बदल कर मूर्ख किया गया। यह इतिहास की रचना विजित वर्ग द्वारा किया गया दुष्प्रचार मात्र था। यथार्थतः जब अषोक द्वारा लिखाया गया षिलालेख का अध्ययन हुआ देवानांप्रिय का अर्थ देवताओं के प्रिय अषोक का संबोधन साबित हुआ और उनकी चण्डाषोक की उपाधि और अपने निन्यानवें भाइयों का हत्यारा के कलंक से इति हुई। यह घटना निष्चित रूप से बुद्ध के बाद की है पर बुद्ध के उHराधिकारियों में से एक की है, जिसके संबंध में इतिहास बदला गया है, न कि यथार्थ में वैसा था। इसलिए बुद्ध ने इतिकिराय के द्वारा पूर्व के कथनों पर विष्वास करने के पहले उसकी भली–भांति समीक्षा की बात करते थे। बुद्ध का विचार अग्रसोची था। सब मानव हित के लिए उपदेष करते थे। विजित और पराजित दोनों पक्षों की बातों को सुनकर किसी निर्णय तक पहुंचने के लिए सोचा करते थे। इसलिए बुद्ध ने कलामों को उपदेष करते हुए कहा कि ऐसा कहा गया है इसलिए विष्वास मत करो।[10]

4. **मा पिटकसम्पदान–** पिटक सम्पदान का अर्थ है पिटारी में रखे ग्रंथों के पदचिह्नों पर चलना। पहले लिखने की परंपरा यांत्रिक नहीं थी। हस्तलिखित ग्रंथों को अलग-अलग पिटारी में रखते थे और समय आने पर उन लिखित ग्रंथों को निकालकर किसी विष्यान्तर मतवादों को प्रमाणित करने के लिए उसका प्रमाणस्वरूप इस्तेमाल करते थे। इससे शब्द प्रमाण की परंपरा चल पड़ी थी कि अमुक पिटक ग्रंथ में ऐसा कहा गया है। उस समय अनेक पिटक ग्रंथों को प्रमाण माना जाता था और उसके पदचिह्नों पर चलते थे। आगे चलकर इन ग्रंथों को ईष्वर कृत कहा जाने लगा। इसी रूढ़िवादी परंपरा से वेद को ईष्वरकृत और अपौरुषेय कहा जाने लगा। बुद्ध ईष्वर की सHा को अस्वीकार करते थे। पिटक सम्पदान के आधार पर वेदों की प्रमाणिकता पर प्रष्न खड़ा कर दिया। इस उदाहरण से यह भी ज्ञात होता है कि बुद्ध के पहले भी पिटकों में ग्रंथ सुरक्षित रखने की परंपरा थी। लोग यह समझते हैं कि बुद्धवचन के लिए ही त्रिपिटक का प्रयोग हुआ हैं पर इन सूत्रों से साबित होता है कि पिटकों की परंपरा बुद्ध से प्राचीन है। पिटकों की परंपरा में बुद्धवचन भी एक पिटक है। मा पिटक सम्पदानेन के द्वारा बुद्ध ऐसे पिटक तंत्रों के चक्कर में आने से मना करते थे। यह भी उसी तरह की बात है "महाजनेन गता सो पन्था" को प्रमाणिक मानकर ऊंट को महान और उसके पदचिह्नों को महापथ कहा गया। इस प्रकार बुद्ध ग्रंथों को प्रमाणिक मानकर अपने षिष्यों को उस ग्रंथों के आधार पर जीवन जीने से मना करते थे। किसी धर्मग्रंथ की बातों को गांठ बांधकर आचरण करना धर्माचरण नहीं है। परिस्थितिवष उसमें परिवर्तन कर उसके अनुसार आचरण

[10] मा इतिकिरायाति एवं किर एतन्ति मा गण्हित्थ, वही, पृष्ठ 219।

करना चाहिए जिसमें शील और नैतिकता का उल्लंघन न हो। बुद्ध परिवर्तनवादी थे। देष, काल, वातावरण के अनुसार परिवर्तन करना धर्म नियमों का उल्लंघन नहीं होता है। बुद्ध ने कहा किसी को भी मेरी बात केवल मेरे प्रति गौरव–भाव होने के कारण स्वीकार नहीं करनी चाहिए। इसलिए भगवान बुद्ध यर्थाथ और गलत का निर्णय करने के लिए किसी शब्द प्रमाण को एकदम बेकार मानते थे। पवित्र समझे जाने वाले वेद मंत्रों का जाप दूसरों के शब्दों की पुनर्रुक्ति मात्र है। उसे सत्य से कुछ लेना देना नहीं। यह ठीक वैसा ही है जैसे एक अंधा दूसरे का अनुसरण कर रहा हो, न पहले अंधे को दिखाई देता है, न बीच वाले को और न सबसे आखिरी वाले को। ज्ञान प्राप्ति के लिए षिक्षा आवष्यक है किन्तु यह षिक्षा आत्मानुभव द्वारा समर्थित होना चाहिए। राग–द्वेष से मुक्त पुरुष ही सत्य का सामीप्य कर सकता है। सत्य ज्ञान से श्रेष्ठतर होता है। व्यक्ति बुद्धिवादी तभी होता है जब आदमी चिंतन करता है, खोज करता है, ध्यान लगाता है और साथ ही साथ सभी प्राणियों के प्रति मैत्री भावना युक्त नैतिक जीवन बिताता है। ग्रंथों के अनुसार जीवन जीना आत्मचिंतन से दूर ले जाता है। आत्मबल कमजोर होता है। ग्रंथों में धीरे–धीरे पराषक्ति का संचयन हो जाता है। व्यक्ति मानसिक रूप से गुलाम हो जाता है। इसलिए बुद्ध ने कलाम क्षत्रियों को उपदेष करते हुए कहा– "पिटकों की बातों को प्रमाणिक मान कर उसके पदचिह्नों पर नहीं चलो।"[11]

5. **मा तक्कहेतु–** तक्कहेतु का अर्थ है तर्क–वितर्क के कारण धर्म के शरण में जाना। बुद्ध ज्ञान प्राप्ति के बाद अपने ज्ञान की उपलब्धि पर चिंतन करते हुए कहा था– "अयं धम्मो अतक्कावचरो" अर्थात् मैंने जिस धर्म का साक्षात्कार किया है वह तर्क से परे है। जहां तर्क का सहारा लेकर धर्म की सत्यता साबित की जाती है, वहां मेरे द्वारा प्राप्त धर्म नहीं भी टिक सकता है क्योंकि धर्म का स्वभाव तर्क से परे है। सत्य की परख तर्क से नहीं यर्थाथ और व्यवहार से किया जा सकता है। तर्क–वितर्क तो अनुमान पर आधारित हैं। अनुमान सत्य भी हो सकता है और असत्य भी। अंधेरे में रस्सी को देखकर सांप का अनुमान और सांप को देखकर रस्सी का अनुमान में दोनों असत्य है। तर्क तार्किक की क्षमता पर निर्भर करता है। सत्य तो सत्य होता है, वहां सार्वभौमिकता होती है, उसमें तर्क की गुंजाइष नहीं होती है इसलिए बुद्ध अपने षिष्यों को तर्क–विर्तर्क पर आधारित सत्य को अपने बुद्धि विवेक से परखने की बात कहते थे। बुद्ध रस्सी में सांप का अनुमान और सांप में रस्सी का अनुमान के ऊपर मन की दृढ़ता के साथ सत्य की परख करने की बात करते थे। बुद्ध के अनुसार मन ही सभी धर्मों का अग्रगामी है। बुद्ध अनुमान जनित सत्य का अंधानुकरण कर मिथ्या विचारों में रत रहने से मना करते थे। बुद्ध से चौदह अव्याकत प्रष्न पूछे जाने पर हमेषा मौन रहते थे क्योंकि ये चौदह अव्याकत प्रष्न

[11] मा पिटकसम्पदानेनाति अम्हाकं पिटकतन्तिया सद्धिं समेतीति मा गण्हित्थ। वही, पृष्ठ 219।

तर्क–वितर्क पर आधारित था। जिसके पास तर्कषक्ति ज्यादा होती है वह झूठी बातों को सत्य साबित कर सकता है और जिस व्यक्ति का तर्कषक्ति कमजोर है वह सत्य को पूर्णतः स्थापित करने में सक्षम नहीं भी हो सकता है। यद्यपि कि सत्य तर्क से असत्य नहीं हो सकता है और असत्य तर्क से सत्य नहीं हो सकता है। सत्य हमेषा सत्य होता है इसलिए बुद्ध तर्क के आग्रह पर धर्म को समझने की आवष्यकता नहीं बताते थे। धर्म सार्वभौमिक सत्य है, उसे तर्क से झुठलाय नहीं जा सकता है।

नालंदा का बौद्ध न्याय तर्क–वितर्क परा आधारित था। यहां तक आते–आते बौद्ध धर्म काफी विकास कर चुका था। बौद्ध धर्म में अनेक कर्मकाण्ड भी आ चुके थे। बाह्याडम्बर और अंधविष्वास भी भर गया था। बौद्ध का नैतिक दर्षन तंत्रयान में बदल चुका था। हर बात को तर्क की कसौटी पर कसा जाता था, जिससे वस्तुतः बौद्ध धर्म का ह्रास हुआ। पालि आधारित बौद्ध धर्म उस समय तक विलुप्त हो चुका था। कलाम सुH का यथार्थ ज्ञान नहीं होने के कारण तर्क–वितर्क को बौद्ध धर्म में स्थान मिला। बुद्ध तो पहले ही तर्क–वितर्क को बौद्ध धर्म में मना कर चुके थे।[12]

6. **मा नय हेतु–** नय हेतु का अर्थ है पद्धति या सिद्धान्त के कारण। कुछ ऐसे अंधविष्वास समाज में फैले होते हैं, जिसके पीछे कुछ सिद्धान्त कार्यरत रहता है। वर्षा नहीं होने पर वर्षा कराने हेतु अखंड कीHन का आयोजन, पुत्र पैदा नहीं होने पर पुत्रेष्टि यज्ञ का आयोजन, नौकरी नहीं होने पर शनि की पूजा, पीपल वृक्ष में जल–गुड़–तिल का अर्पण, बृहस्पतिवार का दाढ़ी, बाल, नाखून नहीं काटना, मंगलवार को कन्यादान नहीं करना, यात्रा पर निकलते समय छींक का आना, छिपकिली का गिरना आदि अनेक ऐसे पद्धतियों का प्रचलन रहता है, जिसका वैज्ञानिक आधार कुछ नहीं होता है, पर इस पर सभी विष्वास करते हैं। सामाजिक स्तर पर इसकी खूब मान्यता होती है। पालन नहीं करने पर व्यक्ति को प्रताड़ित भी किया जाता है। विवाह की अनेक पद्धतियों से विवाह संपन्न होने पर दांपत्य जीवन में अगर खटास पैदा होता है, तो लोग इसमें विवाह पद्धति में खोट निकालने लगते हैं। उसमें कारण ढूढ़ना चाहिए न कि किसी नयहेतु से कार्य संपन्न करने के कारण कमी की बात करनी चाहिए। इस प्रकार के सैकड़ों उदाहरण हैं जिसका वैज्ञानिक आधार नहीं होता है केवल चलती हुई परंपरा पर विष्वास कर एक पद्धति के रूप में सामाजिक स्वीकृति रहती है। कुछ लोगों द्वारा एक पद्धति बतला कर चलाया जाता है। बुद्ध कलाम क्षत्रियों को उपदेष करते हुए कहते हैं कि पद्धति से ग्रहण किया हुआ किसी चीज को ग्रहण नहीं करना चाहिए।[13]
7. **मा आकार परिवितक्क–** आकार परिवितक्क का अर्थ कारणों के विषय में अनुचिंतन। भगवान बुद्ध का धर्म सांसारिक दुखों से छुटकारा के लिए था। उनका

[12] मा तक्कहेतूति तक्कग्गाहेनपि मा गण्हित्थ, वहीं, पृष्ठ 219।
[13] मा नयहेतूति नयग्गाहेनपि मा गण्हित्थ, वही, पृष्ठ 219।

अनुचिंतन था कि संसार दुख पूर्ण है। प्राणी दुखों से छुटकारा पाने के लिए दुख के कारणों के अनुचिंतन में लगे रहते हैं। केवल कारणों के विषय में सोच–विचार करने से दुख से छुटकारा नहीं पाया जा सकता है। दुख से पार पाने के लिए तत्काल समाधान करने की आवष्यकता है। आगे इस प्रकार का कारण न पैदा हो इसका उपाय करना ही बुद्धिमानी है। बुद्ध ने उपदेष देते हुए कहा था– "बाण से घायल व्यक्ति किसी वैद्य के पास जाये तो वैद्य को सबसे पहले उसके शरीर में बिंधे बाण को निकालने का उपाय करना चाहिए जिससे रोगी के शरीर की पीड़ा तत्काल दूर जो जाये। वैद्य अगर घटनाओं का अनुचिंतन करना शुरू करे कि जिस बाण से व्यक्ति घायल हुआ है वह किस प्रकार के लोहे से बना हुआ था। उसके बनाने वाला व्यक्ति काला या गोरा था, किस जाति का था, किस धर्म का था, इस प्रकार के कारणों के संबंध में विचार करने से रोगी दर्द से छुटकारा नहीं पायेगा। जरूरत है उसके शरीर से बाण को निकालने और उसे दुख से छुटकारा दिलाने की। बाण के इतिहास खंगालने की कोई आवष्यकता नहीं।" यही बुद्ध का बुद्धिवादी अध्ययन है इसलिए बुद्ध ने मा आकारपरिवितक्क का उपदेष दिया। कलाम क्षत्रियों को बताया कि दुख के कारणों को दूर करो उसके कारणों के संबंध में अनुचिंतन मत करो।[14]

8. **मा दिट्ठिनिज्झानखन्तिया–** दृष्टि निध्यान क्षांति का तात्पर्य मिथ्या धारणाओं या मतवादों में प्रमुदित होने से है। दूसरे शब्दों में अपने चिर विचारित मत के अनुकूल होने से और उस पर विष्वास करेन से है। सामान्य शब्दों में कहा जाये तो मिथ्या विष्वासों में पड़ा रहना दिट्ठि निज्झान है। जब समाज में षिक्षा का अभाव था। व्यक्ति अनेक धार्मिक अंधविष्वास, कर्मकाण्ड और बाह्याडम्बरों में उलझा था। वैदिकों ने समाज पर अपना वर्चस्व स्थापित करने के लिए अनेक प्रकार का जाल फैला चुका था। बुद्ध ऐसी षिक्षाओं से ऊपर उठने की बात बताते थे। आज भी स्कूल की षिक्षा दोषपूर्ण है, उसमें वैज्ञानिक पहुंच नहीं है जिससे सत्य को समझा जा सके। लोग मिथ्या धारणाओं में विष्वास के कारण उसे सत्य मान लेते हैं और उस पर इस प्रकार विष्वास कर बैठते हैं कि सत्य उनके लिए असत्य हो जाता है और असत्य को सत्य मान बैठते हैं– उदाहरण के तौर पर कुछ मिथ्या–धारणाओं के प्रति पाठकों का ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं। सूर्य और चन्द्र ग्रहण एक खगोलीय घटना है। चन्द्रमा और सूर्य के बीच पृथ्वी के आ जाने से चन्द्रग्रहण और पृथ्वी और सूर्य के बीच चन्द्रमा के आ जाने से सूर्यग्रहण होता है। पर मिथ्या धारणाओं को आगे बढ़ाने और भोली–भाली जनता को ठगने के लिए इसे राहू द्वारा चन्द्रमा को ग्रसने से जोड़ते हैं और शुभ–अषुभ का विचार कर गंगा स्नान और ब्राह्मणों को दान देने जैसे कर्मकाण्ड करवाते हैं। इसमें विद्यालय के अस्सी प्रतिषत षिक्षक भी गंगा स्नान कर ग्रहणों के अपषकुन से बचने की बात बताते हैं। इस प्रकार के षिक्षकों द्वारा

[14] मा आकारपरिवितक्केनाति सुन्दरमिदं कारणन्ति एवं कारणवितक्केनपि मा गण्हित्थ, वही, पृष्ठ 219।

अंधिविष्वास को बढ़ाने की षिक्षा दी जा रही है। इससे समाज को पीछे ढकेला जा रहा है। इसी प्रकार अन्य उदाहरण भी देखा जाता है। कक्षा में पृथ्वी की उत्पH सुपरनोवा के विस्फोट से बताते हैं। भूकंप आने पर शेषनाग के मस्तक पर स्थापित पृथ्वी को नाग के द्वारा करवट बदलने से पृथ्वी में कंपन आने की बात कहते हैं। ऐसी मिथ्या धारणाओं पर बुद्ध किसी के कहने से विष्वास करने के लिए मना करते थे। इसलिए कलाम क्षत्रियों को बुद्ध ने कहा कि पहले से चली आ रही मिथ्या धारणाओं को चिर विचारित होने के कारण विष्वास मत करो।[15]

9. **मा भब्बरूपता–** महापंडित राहुल सांकृत्यायन ने भब्बरूपताय का अर्थ वक्ता के भव्य रूप होने से और भद्दन्त आनन्द कौसल्यायन ने बहुसंख्यक लोगों के द्वारा माने जाने से किया है। दोनों अर्थ एक ही मतलब का द्योतक है। बुद्ध ने बहुत सारे लोगों के द्वारा माने जाने के कारण हमें भी उसे मानना चाहिए ऐसे क्रिया–कलाप को मूर्खता पूर्ण विचार कहा है। बहुसंख्यक लोग अपने विवेक से ऐसे आयोजनों में भागीदार नहीं बनते हैं बल्कि अंधानुकरण कर इस तरह के कार्यक्रम में भाग लेते हैं, इस प्रकार की अनेक घटनायें होती है, जिसमें ज्ञान कम मात्र अंधानुकरण होता है। आयोजन में भाग लेने वाले व्यक्तियों से पूछा जाता है कि आप कहां जा रहे हैं? क्या उद्देष्य है और उससे क्या लाभ है? उसे कुछ पता नहीं। उनका जबाब ढुलमुल होता है। सभी लोग जा रहे थे तो मैं भी चला गया। मेरा समाज आत्मचिंतन करने वाला नहीं है, ज्ञान का अभाव है, अंधभक्ति में फंसा होता है। एक उदाहरण पर विचार करना चाहिएः आजकल अनेक प्रकार का यज्ञ आयोजित किया जाता है। खूब प्रचार–प्रसार किया जाता है। कुछ लोग इस यज्ञ के नाम पर दान इक♣ा करते हैं। आठ दस दिन का आयोजन होता है। सैकड़ों महिलायें कलष लेकर जाती है, उपवास करती है और उनसे अनेक प्रकार का याज्ञिक कर्मकाण्ड कराया जाता है। जब उनलोगों से पूछा जाता है इसका उद्देष्य क्या है? कोई ठोस जबाब नहीं मिलता है। सिर्फ सभी लोगों के जाने के कारण मैं भी गया ऐसा कहते हैं। याज्ञिक कर्मकाण्ड वैदिकों का कर्मकाण्ड है और उद्देष्य स्वर्ग प्राप्ति है और आज इस तरह का आयोजन में चंद लोग मालोमाल बन जाते हैं और भोली–भाली जनता को ठगने का काम करते हैं। इस तरह का अनेक कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जिसमें आयोजक का निजी स्वार्थ होता है और आम जनता बहुसंख्यक द्वारा माने जाने के कारण अंधानुकरण करते हैं। कोई व्यक्ति किसी बाबा के संबंध में बिल्कुल झूठा प्रचार करता है कि बाबा का तंत्र साधना बहुत कारगर है। बड़े–बड़े रोग को मंत्रों से दूर कर देता है। अंधानुकरण कर तांत्रिक बाबा के जाल में फंस कर बहुसंख्यक लोग उसे मानने लगते हैं और तंत्र के माध्यम से भक्तों का शोषण करते हैं। आज अनेक बाबाओं का सत्य सामने आया है और जेल की हवा खा रहे हैं। बुद्ध

[15] मा दि♣निज्झान खन्तिया अम्हाकं निज्झायित्वा खमित्वा गहित दि♣या सद्धिं समेतीतिपि मा गण्हित्थ, वही, पृष्ठ 219।

बहुसंख्यक लोगों के द्वारा माने जाने के कारण उसे मानने को मना करते हैं, उनका कहना था इस तरह का अंधानुकरण करना अज्ञानता है, बुद्धिमता नहीं है। हर व्यक्ति को अपनी बुद्धि का प्रयोग करना चाहिए न कि बहुत सारे लोगों के द्वारा माने जाने के कराण अंधानुकरण करना चाहिए। इसी तरह पुरुषोHम मास में राजगीर का स्नान, महाकुम्भ का आयोजन, कार्तिक मास में तुलसी पौधों के पास दीपक जलाना, उस दीपक को गंगा में प्रवाहित करना, षिव चर्चा ऐसे अनेक कार्यक्रम खास कर महिलाओं में पनप चुकी है जिसके संबंध में पता चलता है, बहुसंख्यक लोगों के द्वारा माने जाने के कारण विष्वास करते हैं और मानते हैं। इसमें उस व्यक्ति का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं होता है। एक दो शरारती तत्व गणेष को दूध पिलाने का अफवाह फैला दिया फिर पूरे देष में गणेष जी को दूध पिलाया जाने लगा। इस तरह की घटना के संबंध में बुद्ध का कहना था ऐसे आयोजन में शामिल होने के पहले सोचना चाहिए कि यर्थाथता क्या है, बुद्ध का यही अध्ययन बुद्धिवादी अध्ययन है, जिसके बल पर बौद्ध देष के वासी सुखी, समृद्ध और सम्पन्न होते हैं न कि सब लोगों के द्वारा कहे जाने के अनुसार चलते हैं। इसलिए बुद्ध ने कलाम क्षत्रियों को इस तरह के आयोजन से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।[16]

10. **मा समणो नो गरुति–** श्रमण हमारा गुरु है ऐसा सोचकर उसके बात को मत मानो। सामान्य तौर पर लोग सोचने लगते हैं कि हमारे गुरु सबसे बड़े चिंतक हैं, विचारक हैं, ऐसा सोचकर अभिमान करते हैं और उनकी परीक्षा किये बिना उनका अनुकरण करते हैं। बुद्ध ने मा समणो नो गुरू के द्वारा यह उपदेष दिया कि लोगों के अंधानुकरण के कारण उस गुरू के पास चले जाते हैं, जिन्होंने कुछ षिष्यों को अपना दलाल बनाकर रखते हैं और गांव–घर के अपढ़–अषिक्षति नर–नारी को बहुला फुसला कर संघ में प्रव्रजित कराते हैं, उन भक्तों का अनेक प्रकार से शोषण करवाते हैं। भक्त भी बाबा का मानसिक गुलाम हो जाता है। अब बाबा के ऊपर सब कुछ अर्पित कर देते हैं। जब उन आचार्यों की पोल खुलती है, तब तक भक्त सब कुछ गंवा बैठते हैं और उनके पास पाष्चाताप के सिवा कुछ नहीं रहता है। बुद्ध अंधभक्ति के कारण होने वाले नुकसान से अपने अनुयायियों को बचाने के लिए हमेषा बुद्धिवादी विचार रखने का सुझाव देते थे। बुद्ध तो यहां तक कह जाते थे कि मेरी बातों की भी परीक्षा कर लो अगर मेरी बात सत्य लगे तो उसके अनुसार आचरण करो। कुछ लोग ऐसे होते हैं जिनका झुकाव नामी–गिरामी व्यक्ति के साथ फोटो खिंचवाने, मीडिया में आने और बड़े ताम–झाम के साथ रहने वाले बाबाओं का आषीर्वाद लेने में अपना मान समझते हैं, बुद्ध ऐसे मान को अभिमान कहते थे और मूर्खतापूर्ण बर्ताव बतलाते थे। जिस व्यक्ति का आचार्य प्रसिद्ध श्रमण या ब्राह्मण है, उसकी भी परीक्षा आवष्यक है कि उनका ज्ञान भक्तों के लिए कितना उपयोगी है।

[16] म भब्बरूपतायाति अयं भिक्खु भब्बरूपो इमस्स कथं गहेतुं युHन्तिपि मा गण्हित्थ, वही, पृष्ठ 219।

इस प्रकार बुद्ध ने कलाम क्षत्रियों को उपदेष देते हुए कहा कि श्रमण हमारे गुरु हैं इसलिए भी उनकी बात को बिना परीक्षा किये स्वीकार मत करो।[17]

इस प्रकार बुद्ध का धर्म बुद्धिवादी अध्ययन है। जीवन जीने की कला है। बुद्ध हमेषा चाहते थे आदमी मानसिक तौर पर क्रियाषील रहे। किसी की बातों को आंख बंद कर विष्वास न करे। अंधविष्वास से दूर रहे। आज जितने बाबा जेल में हैं। सबने धार्मिक संस्थाओं को कलंकित किया है और श्रद्धालु अंधभक्ति में पड़कर शोषित हुए हैं। बुद्धिवादी इस तरह के झंझटों में नहीं पड़ते हैं क्योंकि परिणामों का अनुचिंतन करते हैं। हमेषा सम्यक् स्मृति में बुद्धि को जागरूक रखते हैं। बुद्ध ने बुद्ध, धर्म और संघ को त्रिरत्न कहा। बौद्ध उपासक को बुद्ध, धर्म और संघ के शरण में जाने की अनुमति दी।

बुद्धं सरणं गच्छामि– बौद्ध धर्म में बुद्ध प्रथम रत्न है। किसी कार्य के प्रारंभ में बौद्ध लोग शरण गमन करते हैं। उनका विष्वास है कि बुद्ध के शरण में जाने से कल्याण होगा, मंगल होगा और सभी प्रकार के कष्टों का निराकरण होगा। बुद्ध का मार्ग अनीष्वर वादी है, जहां निरपकृत करने वाली पारलौकिक शक्तियां नहीं है, फिर किसी व्यक्ति के शरण जाने का औचित्य कहां है? यहां बुद्धं सरणं गच्छामि में बुद्ध व्यक्ति वाचक संज्ञा नहीं है बल्कि बुद्ध का अपनी बुद्धि, विवेक और प्रज्ञा के शरण में जाने के प्रति प्रेरणा है। इसलिए बुद्ध ने कहा– इति पि सो भगवा अरहं सम्मासम्बुद्धो विज्जाचरण सम्पन्नो सुगतो लोकविदु अनुHरो पुरिसदम सारथी सत्था देवमनुस्सानं बुद्धो भगवा'ति अर्थात् ऐसे ही वे भगवान अर्हत सम्यक् सम्बुद्ध, विद्या और आचरण से संपन्न उHम गति को प्राप्त लोक–लोकान्तर के रहस्य को जानने वाले, पथ–भ्रष्ट घोड़ों की तरह राग, द्वेष, मोह से भटके लोगों को सत्य के मार्ग पर ले जाने वाले सारथी, देवताओं और मनुष्यों के षिक्षक तथा संपूर्ण क्लेषों से मुक्त ऐसे हैं, वे तथागत बुद्ध।

धम्मं सरणं गच्छामि– बौद्ध धर्म के त्रिरत्नों में धम्म द्वितीय रत्न है। धम्मं सरणं का तात्पर्य सार्वभौमिक धर्मता से है। तथागत ने धर्म का तात्पर्य वाद और इज्म से नहीं लिया है। वास्तव में जो सार्वभौमिक सत्य है वही धर्म है। दूसरे शब्दों में धर्म प्राणी मात्र की वह धर्मता है जो देष, काल और वातावरण में बंधा हुआ नहीं होता है। जब धर्मता देष, काल और वातावरण के दायरे में सिमट जाती है तो धर्म संप्रदाय बन जाता है। एक उदाहरण से समझा जा सकता है। सभी प्राणियों को भूख लगती है। सभी को भूख मिटाने के लिए आहार की जरुरत पड़ती है पर आहार की व्यवस्था उपलब्धता के अनुकूल होती है। आहार के बिना कोई जीवित नहीं रहता। जीवन के लिए आहार आवष्यक है। भूख लगना धर्म है, प्यास लगना धर्म है। यह प्राणियों की धर्मता है। भूख मिटाने के लिए आहार धर्म है, प्यास लगने पर जल की प्राप्ति धर्म है, उसी प्रकार श्वास–प्रष्वास के लिए वायु धर्म है। भूख मिटाने के लिए कोई शाकाहार का प्रयोग करते हैं, कोई मांसाहार और कोई फलाहार। आहार की यह भिन्नता धर्म नहीं संप्रदाय है। इस संप्रदायिकता के कारण समाज और

[17] मा समणो नो गरुति अयं समणो अम्हाकं गरु इमस्स कथं गहेतुं युHन्तिपि मा गण्हित्थ, वही, पृष्ठ 219।

घर–घर में कलह होता हे। अनावष्यक विवाद और तनाव होता है। इसलिए बुद्ध ने कहा– स्वाक्खातो भगवता धम्मो सन्दि♣को अकालिको एहिपस्सिको ओपनेय्यको पच्चH वेदितब्बं वि"Ψूही'ति अर्थात् अर्थात् भगवान बुद्ध का धर्म स्वयं व्याख्यायित है। यह धर्म स्वयं देखने योग्य है। कालान्तर में नहीं तत्काल फलदायक है। आओ और देख लो स्वयं अनुभूतियों के आधार पर धारण करने योग्य है। बुद्ध का धर्म निर्वाण तक पहुंचाने वाला और वेदनाओं के द्वारा स्वयं अनुभव करने योग्य है और यह समझदार व्यक्तियों के साक्षात्कार करने योग्य है।

संघं सरणं गच्छामि– त्रिरत्नों में संघ उHम रत्न है। बोधि प्राप्ति के बाद ब्रह्मा सहम्पति की प्रार्थना स्वीकार कर बुद्ध लोकहित के लिए धर्मोपदेष करने के लिए बोधगया से सारनाथ की ओर चल पड़े। बोधगया और गया के बीच में उपक आजीवक से मुलाकात हुई। आजीवक उस समय का बड़ा संप्रदाय था, जो नंगा रहता था। आजीवक भगवान से परिचय पूछता है। बुद्ध परिचय देते हुए कहते हैं– मैं सबको पराजित करने वाला, सबको जानने वाला हूं। सभी धर्मों से निर्लेप हूं, सर्वत्यागी हूं, तृष्णा के भय से मुक्त हूं। मैं अपने ही जानकर उपदेष करुंगा। मेरा आचार्य नहीं हैं। मेरे सदृष्य कोई विद्यमान नहीं है देवताओं सहित लोक में मेरे समान पुरुष नहीं है, संसार में अर्हत हूं, अपूर्व उपदेषक हूं। मैं एक सम्यक् सम्बुद्ध शांति और निर्वाण को प्राप्त हूं। धम्मचक्क के लिए षिष्यों के नगर जा रहा हूं। तब बुद्ध वाराणसी जाकर पंचवर्गीय भिक्षुओं को उपदेष दिया और षिष्य बनाया जिससे संघ का निर्माण हुआ। संघ की परंपरा आज तक चली आ रही है। संघ के लिए विहारों का निर्माण उपासकों द्वारा कराया गया।

जो बुद्ध धर्म और संघ का शरण लेते हैं वे बौद्ध धर्म के उपासक कहलाते हैं। त्रिरत्न तीन होते हुए भी एक दूसरे से अलग तीन वस्तुएं नहीं है। बुद्ध धर्म में प्रकट होते हैं और उस धर्म का आचरण संघ द्वारा होता है। इसलिए धर्म में विष्वास करना और संघ की उपासना करना बुद्ध में श्रद्धा रखना है और बुद्ध में श्रद्धा रखने का मतलब है धर्म में विष्वास करना और संघ की उपासना करना।

इस प्रकार बुद्ध का धर्म बुद्धिवादी अध्ययन है। जीवन जीने की कला है। बुद्ध हमेषा चाहते थे आदमी मानसिक तौर पर क्रियाषील रहे। किसी की बातों पर आंख बंद कर विष्वास न करे। अंधविष्वास से दूर रहे। आज कितने बाबाओं का चरित्र उजागर हुआ है। श्रद्धालु उनके अंधभक्ति में पड़कर शोषित हुए हैं। बुद्धिवादी इस तरह के झंझटों में नहीं पड़ते हैं क्योंकि परिणामों पर अनुचिंतन करते हैं। हमेषा सम्यक् स्मृति से बुद्धि को जागरूक रखते हैं।

Bodhi Path, July 2018 Issue 15
ISSN 2347-8004

राहुल सांकृत्यायन और बौद्ध धर्म

शशिकान्त
जे०आर०एफ०,हिन्दी विभाग
नव नालन्दा महाविहार,नालन्दा
(समविश्वविद्यालय)

बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी महापंडित राहुल सांकृत्यायन एक बड़े बौद्ध विद्वान के रूप में परिगणित हैं। बौद्ध धर्म के पुनर्उत्थान में इन्होंने अपने जीवन का महत्त्वपूर्ण समय समर्पित कर विश्व समुदाय को अमूल्य ज्ञान से परिचित कराया। 9 अप्रैल 1893 ई0 को उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिला अन्तर्गत पन्दहा ग्राम में इनका जन्म हुआ था। एक ब्राह्मण के घर में जन्म लेकर भी इन्होंने परंपरागत ब्राह्मणवादी सोच को आँख मूंद कर कभी नहीं स्वीकार किया। इसीलिए इनकी व्यक्तित्वांतरण की प्रक्रिया जीवन भर चलती रही। पहले वे वेदांती, फिर आर्यसमाजी, उसके बाद बौद्ध और अन्त में मार्क्सवादी रहे। लेकिन यह निर्विवाद रूप से कहा जा सकता है कि इन्होंने अपना सर्वोत्तम बौद्ध वांङमय को दिया। ''राहुल जी का सबसे महत्त्वपूर्ण स्थायी कार्य उनका बौद्ध धर्म का अनुशीलन था। बौद्ध धर्म की विलुप्तप्राय धरोहर को फिर से उपलब्ध कराने में उनका कार्य अद्वितीय है। पुराने चीनी यात्रियों की तरह अथवा पुराने भारतीय यात्रियों की तरह वे हजारों लुप्त ग्रंथों की पाण्डुलिपियों को तिब्बत से भारत लाये।''[1]

ढाई हजार साल पहले बुद्ध ने जिस धर्म की नींव जनमानस में स्थापित की वह कालान्तर में मंद पड़ने लगा था। शंकराचार्य जैसे आध्यात्मिक, दार्शनिक विचारक ने वेदों की नयी व्याख्या कर बौद्ध धर्म से जनसमुदायों के आकर्षण को कम करने में काफी सफलता पाई। मुसलमान आक्रमणकारियों ने बौद्ध धर्म को बहुत आक्रांत किया। बौद्ध महाविहारों को तहस–नहस कर बौद्ध भिक्षुओं को बड़ी बेरहमी से मार डाला। परिणाम यह हुआ कि जो धर्म भारत भूमि पर जन्मा एवं पला बढ़ा वही धर्म यहाँ के लिए अजनबी बन गया। लगभग एक हजार साल तक हम तार्किक विषयों से दूर भक्ति की सरिता में गोते लगाते रहे।

ईसाई मिशनरियों एवं पुनर्जागरण आंदोलन ने हमें गहरी नींद से जगाया। यहाँ के लोग गाँव के गाँव अशिक्षित थे। कभी किसी गाँव में एक–दो व्यक्ति पढ़े–लिखे मिल जाते थे। तो लोग दूर–दूर से उनके पास अक्षर पढ़वाने के लिए आते थे। लेकिन जब भारतीय को पश्चिम से सम्पर्क स्थापित हुआ तो यहाँ के युवा वर्ग ज्ञान–विज्ञान में रूचि दिखाने लगे। हालाँकि, इस राह में रोड़े कम नहीं थे। भक्तियुगीन वर्णाश्रम व्यवस्था ने जिस सामाजिक न्याय पर ग्रहण लगा दिया था,
उस व्यवस्था से लोगों का मोह जल्दी जाने वाला नहीं था। यह वह समय था जब महात्मा गाँधी की 'आभा' देश ही नहीं विदेशों को भी चकाचौंध किए था। ऐसे विपरीत समय में राहुल जी ने गाँधी की कटु आलोचना की और बुद्ध के अनीश्वरवादी दर्शन को सामाजिक न्याय का एक प्रबल हथियार माना। प्रो0 गोविन्द चन्द्र पाण्डेय इस संदर्भ में लिखते

हैं–''राहुल जी का कहना है कि शासन की बागडोर अर्थशास्त्र और विज्ञान से चलती है, न कि गीत और रामायण से।''[2] 'ईश्वर में विश्वास' इस देश में इस कदम व्याप्त हो चली थी कि सत्यान्वेषण के लिए अवकाश नहीं रह गया था।

ऐसे विपरीत समय में राहुल सांकृत्यायन ने तार्किक एवं अन्वेषित तथ्यों के आलोक में दूसरी परम्परा को खोज निकाला। राहुल जी बौद्ध साहित्य के अध्ययन के लिए सन् 1927 ई0 में लंका गए। वहाँ प्रथमतः उन्नीस मास रहकर बौद्ध साहित्य का गहन अध्ययन किया। वे लिखते हैं–''पालि त्रिपिटक में बुद्ध कालीन भारत के समाज, राजनीतिक, भूगोल का बहुत काफी मसाला है। उन्होंने मेरी ऐतिहासिक भूख को बहुत तेज कर दिया था।''[3] उन्हें वहाँ अध्ययन करते हुए ही यह एहसास हुआ कि भारतीय संस्कृति जो विस्मृत हो चली है वह तिब्बत में मूल रूप न सही परन्तु अनुवाद के रूप में सुरक्षित है। वे तिब्बत जाने का विचार करने लगे। लेकिन तत्कालीन समय तिब्बत जाना बहुत जोखिम भरा था। ''एक समय हमारे देश के बंगाली विद्वान सर शरतचन्द्र दास तिब्बत से भारतीय साहित्य आदि की जानकारी तो लाये ही साथ ही तिब्बत की वह जानकारी भी जो सामरिक महत्व की थी, और वह सारी जानकारी उन्होंने उस सरकार को दे दी जिसने उन्हें राय बहादुर बनाया था तिब्बत वालों को पता लगा। सर शरतचन्द्रदास तो निकल आये थे वह उनका कुछ न कर सकते थे, किन्तु उन्होंने उस तिब्बत परिवार को जिसने ऐसे विश्वासघाती भारतीय को शरण दी थी बड़ी निर्दयता के साथ बर्फीले पानी में डुबा–डुबा कर मार डाला।''[4] इस परिस्थिति में हम समझ सकते हैं कि राहुल जी को तिब्बत में कैसी स्वागत की उम्मीद थी। फिर भी वे तीन–तीन सरकारों को चकमा देकर तिब्बत गए। वहाँ वे बड़ी कठिनाईयों का सामना कर बौद्ध साहित्य संबंधित तालपत्र, पोथियों को भारत लाने में सफल हुए। राहुल जी वहाँ के विहारों के बारे में लिखते हैं–''हमारे लिए तो उसका सबसे अधिक महत्त्व था, क्योंकि भारत से गई तालपत्र की सबसे अधिक संस्कृत–पोथियाँ इसी विहार में मिली। Äोर और शलू में भी दर्जनों ताल–पोथियाँ मिली, लेकिन वह सभी पहले स–स्क्या की ही सम्पत्ति थी, और ये विहार भी इसी सम्प्रदाय के हैं।''[5] तिब्बत की यात्रा और बौद्ध ज्ञान के उद्धार के लिए राहुल जी को पूरी दुनिया बौद्ध धर्म के बहुत बड़े प्रचारक के रूप में जानने लगी। इनके द्वारा रचित 'बुद्धचर्या' 'धम्मपद','मज्झिमनिकाय','विनय–पिटक', 'दीघनिकाय', 'बौद्ध दर्शन', 'तिब्बत में बौद्ध धर्म' आदि ग्रन्थ बौद्ध साहित्य में समादृत हुई।

'हिन्दी साहित्य का इतिहास' राहुल जी के प्रयत्नों से ही एक हजार साल का इतिहास नहीं रह गया। इन्होंने सिद्ध–नाथ साहित्य को बौद्धों की परम्परा से जोड़ कर हिन्दी साहित्य के इतिहास को लगभग 3–4 सौ साल पीछे तक ले गए। यह राहुल जी के प्रयत्नों का परिणाम है कि नये इतिहासकारों, आलोचकों ने स्वीकार किया कि–''सिद्ध साहित्य से हमारा तात्पर्य व्रजयानी परम्परा के उन सिद्धाचार्यों के साहित्य से है जो अपभ्रंश दोहों तथा चर्यापदों के रूप में उपलब्ध है और जिसमें बौद्ध तांत्रिक सिद्धान्तों की मान्यता दी गई है।''[6] राहुल जी ने हिन्दी साहित्य के मध्यकालीन कवियों को रेखांकित करते हुए लिखा–''हमारे मध्यकालीन कवियों ने अपना नाता सिर्फ संस्कृत के कवियो से जोड़े रखा जिससे हिन्दी साहित्य के ऐतिहासिक विकास की यह महत्त्वपूर्ण कड़ी काव्य–परम्परा से

टूटकर अलग जा पड़ी।''[7] वे सिद्धों की रचनाओं को संपादित कर अध्ययन–अध्यापन की परंपरा का श्रीगणेश किया। इसके पहले आचार्य रामचन्द्रशुक्ल ने सिद्धो–नाथों की वाणियों को साम्प्रदायिक ठहराकर साहित्य की सीमा से बाहर का रास्ता दिखला चुके थे। लेकिन राहुल जी नया सौंदर्यशास्त्र निर्मित कर सिद्धों की कविताओं को दोष रहित मानकर उसे श्रेष्ठ मानवीय अभिव्यक्ति सिद्ध किया है। वे लिखते हैं कि –''शायद कविता के रूढ़ि–बद्ध संकीर्ण लक्षण को लेने पर कबीर की तरह सिद्धों की कविता भी कविता न गिनी जाए या कम से कम अच्छी कविता न समझी जाय, लेकिन लाखों नर–नारियों को उनमें रस, एक तरह की आत्म–तृप्ति मिलती थी और आज भी उस तरह की मनोवृत्ति रखने वाले कितने ही पाठकों को वह उतनी ही रूचिकर मालूम होती है, इसलिए उन्हें कविता मानना ही पड़ेगा। यह ठीक है, उसकी भाषा सीधी–साधी है, समझने में बहुत सुगम है, लेकिन यह कविता का कोई दोष नहीं।''[8] सिद्धों की यही शैली संतों से होते हुए आधुनिक युग में निराला, नागार्जुन आदि कवियों में देखी जा सकती है। यह बात और है कि बौद्ध की तरह सिद्ध–संत की मार्मिक अभिव्यक्ति कुछ समय के लिए आचार्य शुक्ल की आलोचना पद्धति ने विद्वतजन को प्रभावित किया और उनकी वाणियों को साहित्यिक होने पर प्रश्न उठाये गये। आगे चलकर हम देखते हैं कि हिन्दी साहित्य के इतिहास में 'दूसरी परम्परा की खोज' की चर्चा शुरू हो जाती है। यह सारा उपक्रम राहुल जी के प्रयत्नों का ही प्रतिफल है कि बौद्ध सरिता जो अन्तःसलील हो प्रवाहित हो रही थी वह धरातल पर पहुँच जन–समुदाय की प्यास बुझाई।

इस तरह हम देखतें है कि राहुल सांकृत्यायन और बौद्ध धर्म एक दूसरे के पर्याय बन गए। यू तो राहुल जी अपने जीवन की संध्यावेला में मार्क्सवाद से प्रभावित रहे लेकिन इस प्रभाव के पीछे भी उनके दिल में भारत की नंगी भूखी जनता के लिए असीम वेदना ही थी। यह असीम वेदना एवं समरस समाज की कल्पना बुद्ध के मानवतावाद एवं दुःखवाद से अलग नहीं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. राहुल कथा साहित्य, प्रधान सम्पादक–गोविन्द चन्द्र पाण्डेय, राका प्रकाशन इलाहाबाद, प्रथम संस्करण 1994 ई0
2. मेरी जीवन–यात्रा, भाग–2, राहुल सांकृत्यायन, राधाकृष्णन प्रकाशन, तीसरी आवृत्ति–2014, नई दिल्ली।
3. जो न भुल सका, डॉ0 भदन्त आनन्द कौशल्यायन, बुद्ध भूमि प्रकाशन, नागपुर, तृतीय संस्करण–1994 ई0
4. यात्रा के पन्ने, राहुल सांकृत्यायन, भारतीय प्रकाशन संस्थान 24 अंसारी रोड़, नई दिल्ली, संसकरण 2013 ई0
5. सिद्ध साहित्य, धर्मवीर भारती, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, संस्करण, 2015 ई0
6. हिन्दी काव्य–धारा, राहुल सांकृत्यायन, किताब महल, इलाहाबाद, प्र0सं0–1945 ई0
7. हिन्दी काव्य–धारा, राहुल सांकृत्यायन, प्राक्कथन से
8. वही, पृ0 सं0 47

Bodhi Path, July 2018 Issue 15
ISSN 2347-8004

वर्तमान समय में दान का महत्त्व – बौद्ध धर्म के परिप्रेक्ष्य में समीक्षात्मक अध्ययन

दीपक कुमार
शोधार्थी
बौद्ध अध्ययन विभाग
दिल्ली विश्वविद्यालय

वर्तमान समय में निर्धनता एक सर्वव्यापी समस्या है तथा इसका निर्धारण इस प्रकार किया जाता है कि यदि समाज का कोई वर्ग अपने जीवन की बुनियादी आवश्यकताओं को पूरी करने में असफल रह जाता है तो उस वर्ग को निर्धन समझा जाता है। वैश्विक स्तर पर अनेकों कोशिशों के बावजूद भी कुपोषण और भुखमरी की समस्या में कोई कमी नहीं आई है बल्कि बढ़ती ही जा रही है। इसका मुख्य कारण आर्थिक स्थिति में विषमताएं हैं। गरीबी और भूख की समस्या के प्रति लोगों को जागरूक करने और निदान खोजने का प्रयास किया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन रिपोर्ट, 2017 के अनुसार भारत में कुल कुपोषित लोगों की संख्या 19.07 करोड़ है। यह आंकड़ा दुनिया में सर्वाधिक है।[1]

समाज में फैली असमानता का गरीबी के साथ घनिष्ट सम्बन्ध है। इसके बारे में मार्क्स का कहना है कि असमानता पूंजीवादी अर्थव्यवस्था का एक अंग है, जिसमें संपत्ति समाज के एक छोटे वर्ग के हाथों में सिमट कर रह जाती है। ये मुट्ठी भर लोग संपत्ति या उत्पादन के साधनों जैसे कि भूमि, कच्चे पदार्थ तथा पूंजी पर अपना कब्ज़ा जमा लेने के साथ साथ राजनितिक प्रक्रिया को भी प्रभावित करने लगते है जिससे कि सामाजिक असमानता को कायम रखा जा सके। धन के पीछे अंधे होकर भागने के आकर्षण ने मानवीय भावनाओं के लिए कुछ भी स्थान नहीं छोड़ा है। सब एक-दुसरे के माल को लूटना चाहते हैं, चाहे उसके लिए छल कपट ही क्यों न करना पड़े। क्या पूंजी का केवल कुछ लोगों के हाथों में इकठ्ठा हो जाना नैतिकता की कसौटी पर खरा उतर सकता है? आखिर क्यों निम्न वर्ग के लोगों को लूटा जाता है केवल इसलिए कि कुछ उच्च वर्ग के लोग ऐशोआराम का जीवन बिता सके।

वर्तमान समाज में फैली इस आर्थिक स्थिति के अन्तर को कम करने के उद्देश्य से प्रत्येक धर्म में दान को नैतिक और सामाजिक रूप से आवश्यक माना गया है। बौद्ध धर्म की भावना समाजवादी है जो सामाजिक उद्देश्य की सिद्धि के लिए मिल जुल कर काम करने की, पूर्ण रूप से भाईचारे का सामाजिक जीवन बिताने की शिक्षा देता है। यहाँ नैतिकता का आधार व्यक्तिवाद है और परोपकार व्यक्तिवाद का ही व्यवहारिक रूप है। जो व्यक्ति करुणावान, त्यागी और सत्कर्मी होता है वही दानशील हो सकता है। जिसके हृदय में दया की

भावना नहीं है वह कदापि दानशील नहीं हो सकता। महर्षि दधिची का दान, कर्ण का दान और राजा हरिश्चन्द्र के दान ऐसी ही श्रेणी में आते हैं जिसे इतिहास में आज भी याद किए जाते हैं। आज भी दान देने की भूमिका सार्वभौमिक रूप से स्वीकार की गयी है। और यह मनुष्य का एक बुनियादी गुण है, जिससे उसके व्यक्तित्व का पता चलता है। बौद्ध धर्म में वर्णित दान की भावना पूरी दुनिया के सुख एवं कल्याण के लिए लाभदायक है।

जिस प्रकार बादल बिना किसी भेद भाव के चारो ओर वर्षा करते है ठीक उसी प्रकार भगवान बुद्ध भी सभी पर समान अनुकम्पा करते है। उनका शिक्षण इतना पवित्र है कि वह ऊँच-नीच तथा धनी-दरिद्र में भेद नहीं करते, सभी के प्रति समान भावना रखते है। लोभ और तृष्णा के वशीभूत नहीं होना चाहिए यही बौद्ध धर्म का मार्ग है। महा निदान सुत्त में भगवान बुद्ध आनन्द से कहते है – "लाभ की इच्छा में से तृष्णा पैदा होती है, जब लाभ की इच्छा मिल्कीयत की इच्छा में बदल जाती है, जब मिल्कीयत की इच्छा अपनी मिल्कीयत से बुरी तरह चिपटे रहने की इच्छा बन जाती है, तो यह लोभ कहलाती है"।[2]

"धन की वर्षा होने से भी आदमी की कामना की पूर्ति नहीं होती। बुद्धिमान आदमी जानता है कि कामनाओं की पूर्ति में केवल अल्प स्वाद और दुःख है"।[3]

दान पाली भाषा में एक शब्द है जिसका अर्थ है – देना, प्रसाद और उदारता। उदारता वास्तव में एक आंतरिक स्वभाव या मन की गुणवत्ता है जो देने का कार्य करता है। उदारता की गुणवत्ता ही दान देने की प्रकृति से गुजरती है। क्योकि देना और उदारता एक दुसरे पर निर्भर करती है। भगवान बुद्ध ने उदारता को अध्यात्मिक विकास में मौलिक और आवश्यक गुण के रूप में मान है। धम्मपद में श्लोक 223 में भगवान बुद्ध ने चार प्रकार की जीत का वर्णन किया है।

अक्कोधेन जिने कोधं, असाधुं साधुना जिने।
जिने कदरियं दानेन, सच्चनालिक वादिनं।।

"अर्थात अक्रोध से क्रोध से जीते, अभद्र को भद्र बन कर जीते, कृपण को दान से जीते और झूट बोलने वाले को सत्य से जीते"।[4]

बौद्ध धर्म दर्शन में प्रज्ञा, शील, मैत्री, और करुणा को समस्त नैतिक एवं मानवीय मूल्यों की आधारशिला माना गया है। जिनसे मनुष्यों में सत्य, अहिंसा, प्रेम, क्षमा, दान और परोपकार आदि मूल्यों का संचालन होता है।

थेरवाद में दस पारमिताओं (दस गुणों) का वर्णन किया गया है, जो बोधिसत्व की आधारशिला है। इनका अनुसरण करके निर्वाण की प्रप्ति होती है और मनुष्य दु:खों व पुनर्जन्म से छुटकारा पाता है। बोधिसत्व प्राप्ति के लिए शाठ्य (छल/कपट), मात्सर्य (ईर्ष्या), पैशून्य (चुगलखोरी) और सांसारिक वस्तुओं में संलिप्तता त्याग देनी चाहिए। प्रथम पारमिता दान पारमिता है। जिसमे दूसरों के हित के लिए बिना किसी आकांक्षा के अपना सब कुछ दान कर देना एवं दान से प्राप्त फल को भी त्याग देने को दान पारमिता बताया गया है।[5] अर्थात बोधिसत्व को दु:खी और जरुरतमंदो को दान देकर सहायता करनी चाहिए। भगवान बुद्ध सुभूति को दान पारमिता के बारे में इस प्रकार समझाते है – बोधिसत्व चित्त की सभी अवस्थाओं (बाह्य व भीतरी) का ज्ञान रख कर दान देना है, और उन्हें सर्वसाधारण के लिए परित्याग कर 'बोधि' को समर्पित करता है। वह दुसरो को भी ऐसा ही करने की प्रेरणा देता है। किसी भी वस्तु के प्रति उनकी कोई आसक्ति नहीं रहती।[6]

दान पारमिता तीन बातों से होती है –

- जब दान के पात्र की कोई सीमा नहीं रहती है, प्राणी-मात्र दान का पात्र बन जाता है।
- जब देने की वस्तु की कोई सीमा नहीं रहती, मनुष्य अपना सब कुछ दूसरों के हित में लगाने को तैयार हो जाता है।
- जब दान के बदले कुछ भी पाने की आकांशा नहीं रहती।

पाली त्रिपिटक अंगुत्तर निकाय के दानसुत्त में, भगवान बुद्ध ने सरिपुत्त को दान दाता के तीन कारक बताये है:[7]

1. दान देने से पहले दाता को प्रसन्न होना चाहिए।
2. दान देने से पहले दाता का मन प्रसन्न और साफ होना चाहिए।
3. देने के बाद दाता को संतुष्ट होना चाहिए।

अंगुत्तर निकाय के सिहसुत्त में दानी के पाँच लाभों का वर्णन किया गया है:[8]

1. दाता को अनेक लोगों के स्नेह का आनंद मिलेगा।
2. अनेक लोग दयालु दाता की प्रशंसा करेंगे।
3. दाता की अच्छी प्रतिष्ठा दूर तक फैल जाएगी।
4. समाज के लोगों के बीच दाता का आत्मविश्वास बढ़ेगा।
5. ऐसे व्यक्ति का मृत्यु के पश्चात स्वर्ग में पुनर्जन्म होगा।

अंगुत्तर निकाय के महानमसुत्त में, बुद्ध कहते है कि दान देने से दाता घृणा, भ्रम और अभिमान आदि से दूर हो जायेगा और उसके मन में शान्ति और एकाग्रता का विकास होगा।[9]

जातक कथाओं में दान पारमिता के अनेकों उदहारण मिलते है जैसे कि अनाथपिंडक, अकीर्ति ब्राह्मण, सङ्ख ब्राह्मण, धनञ्जय राजा, महासुदर्शन, महागोविन्द, निमि महाराज, चन्द्रकुमार तथा वेस्सन्तरों के जन्मों की कथाओं में उन्होंने दान पारमिता को पूर्ण करने में पराकाष्ठा प्राप्त की। शश पण्डित ने तो अपना शरीर भी दान मे दे दिया था। संख जातक में संख ब्राह्मण बहुत दान करता था। उसने दान के लिए छह दानशालाएं बनवा रखी थी और वह प्रतिदिन छह लाख मुद्राओं का दान किया करता था। अनाथपिंडक ने केवल विहार बनवाने के लिए चौवन करोड़ की मुद्राएँ दान की थी।[10]

शिक्षा (धम्म) दान के उपहार को भगवान बुद्ध ने सबसे श्रेष्ठ माना है। धम्मपद के श्लोक 354 में वे कहते है कि

सब्बदानं धम्मदानं जिनाति।

"अर्थात धर्म का दान सब दानों को जीत लेता है"।[11]

बौद्ध दर्शन में कुशल कर्म के तीन हेतु बतलाये गए है – (1) अलोभ, (2) अमोह, (3) अद्वेष। जो वस्तु प्राप्त कर चुके है या जो प्राप्त कर सकते है उसे छोड़ना अलोभ है। सबके प्रति सद्भाव एवं मैत्री की भावना रखना अद्वेष है तथा किसी भी वस्तु को जो जैसी है उसी प्रकार समझना अमोह है। मच्छक जातक में कहा गया है कि दान देने से पहले, दान देते समय और दान देने के पश्चात दानी का मन प्रसन्न रहना चाहिए यही दानी की असली संपत्ति है।[12]

जब कोई दाता उदारता के अभ्यास को विकसित करता है, तो यह दाता के दयालुता के चार गुणों (ब्रह्मविहार) मैत्री, करुणा, मुदिता और उपेक्षा को विकसित करने में मदद करेगी। जैसे सभी मनुष्यों से मैत्री की भावना रखना, दु:खी जनों से करुणा की भावना, पुण्य जनों से मुदिता की भावना और अपुण्य जनों से उपेक्षा की भावना रखनी चाहिए। भौतिक उपहारों के अलावा एक दाता अन्य उपहार जैसे कि समय, ध्यान, सुनना, देखभाल, सम्मान, ज्ञान, कौशल, दयालुता, सहानुभूति आदि भी दान कर सकता है। उदारता के कुछ अन्य तरीके भी हैं जैसे कि यदि हमारे पास दान देने के लिए कुछ भी नहीं है तो भी हम दूसरों की प्रशंसा भी कर सकते हैं।

"तुम न तो किसी को लूटोगे, न किसी की वस्तु चुराओगे बल्कि दुसरों की सहायता करो कि उसे उस के परिश्रम का फल मिल जाए"।[13]

वर्तमान समय में मनुष्य केवल संग्रह में विश्वास करता है। ऐसे संग्रह की प्रवृत्ति से समाज में असमानता को खाई लगातार गहरी होती जा रही है। पूंजीवादी प्रवृत्ति से समाज में वैमनस्य, घृणा, क्रोध आदि का रूप बढ़ता जा रहा है। ऐसे में हमें दान के महत्त्व को समझना होगा, 'दान' से ही मनुष्य मनुष्य का कल्याण कर सकेगा। इस परिपेक्ष्य में हम बौद्ध दर्शन अथवा शिक्षाओं को प्रसांगिक देखते है और हमें यह ज्ञात होता है कि दान की प्रवृत्ति निर्वाण का सोपान है।

संदर्भ :

1. Committee on World Food Security Report, Rome, 2017 www.fao.org पर उपलब्ध
2. दीघनिकाय, दुतियो भागों, महावग्ग, महानिदान सुत्त, विपश्यना विशोधन विन्यास, इगतपुरी, 1993 प्रष्ठ – 48
3. धम्मपद, बुद्धवग्गो, डॉ. भदन्त आनंद कौसल्यायन, 1993, बुद्ध भूमि प्रकाशन नागपुर, सूत्र 186, प्रष्ठ 46
4. धम्मपद, कोधवग्गो, डॉ. भदन्त आनंद कौसल्यायन, 1993, बुद्ध भूमि प्रकाशन नागपुर, सुत्त 223, प्रष्ठ 55
5. बौद्ध दर्शन मीमांसा, आचार्य बलदेव उपाध्याय, संस्करण 2014, प्रष्ठ 111
6. भगवान बुद्ध और उनका धर्म (अनुवाद), डॉ. भदन्त आनंद कौसल्यायन, बुद्ध भूमि प्रकाशन नागपुर , प्रष्ठ 180
7. Dana Sutta: Giving, (AN 6.37) Translated from the Pali by Thanissaro Bhikkhu, 1997, www.accesstoinsight.org पर उपलब्ध
8. Mahanama Sutta:To Mahanama(2), (AN 11.13) Translated from the Pali by Thanissaro Bhikkhu, 1997, www.accesstoinsight.org पर उपलब्ध
9. Dana Sutta: Giving, (AN 6.37)Translated from the Pali by Thanissaro Bhikkhu, 1997, www.accesstoinsight.org पर उपलब्ध
10. जातक अट्ठकथा, प्रथम भाग, डॉ. भदन्त आनंद कौसल्यायन, 2006 प्रष्ठ 236-241
11. धम्मपद, तण्हावग्गो, डॉ. भदन्त आनंद कौसल्यायन, 1993, बुद्ध भूमि प्रकाशन नागपुर, सुत्त 354, प्रष्ठ 84
12. जातक अट्ठकथा,भिक्खु धर्मरक्षित, 1951
13. सुत्तनिपात, धम्मिक सुत्त, द्वितीय संस्करण, भिक्षु धर्मरक्षित, 1983, प्रष्ठ- 99

Bodhi Path, July 2018 Issue 15
ISSN 2347-8004

डॉ॰ अम्बेडकर की भारतीय जल नीति व आधुनिक युग में प्रासंगिकता

रचना
शोधार्थी
बौद्ध अध्ययन विभाग
दिल्ली विश्वविद्यालय

आज के समय में 'जल ही जीवन है' का नारा अवश्य दिया जाता है परन्तु जल को जीवित तत्व साबित करने के लिए उसको सुरक्षित रखना आवश्यक है साथ ही उसका सही प्रयोग भी। आज 21वीं शताब्दी में पेय जल की मात्रा तो सीमित होती दर्शाई जा रही है परन्तु यह भी सत्य है कि बाकि जल भी सामान्य कार्यों में प्रयोग किया जाए यह भी चिंता का विषय है। जिसको गंभीरता से अम्बेडकर पहले ही अध्ययन कर चकू ा है।

डॉ॰ अम्बेडकर की दूरदर्शिता से हम सभी अवगत है जैसा कि हम सभी जानते है भारतीय संविधान के अनुच्छदे 239–42 जो कि भारत सरकार अधिनियम 1935 का अध्ययन करके 1947 में इसका रुपांतरण किया गया। अन्तर्राज्यीय नदियों के विकास से बाढ़ नियत्रंण, सिचाई, जल परिवहन और जनबिजली आदि की समस्याओं के निदान से संबंधित योजनायें भी बनायी गई। उसके बाद संसद ने अतंर्राज्यीय जल विवाद अधिनियम वन दी बार्डे अधिनियम1 956 को पारितकिया। विदित है, भारत में संसार की 18 प्रतिशत से अधिक आबादी है जबकि विश्व का कवेल 4 प्रतिशत नवीकरणीय जलसंसाधन और विश्वके भूक्षेत्र का 2.4 प्रतिशत भूक्षेत्र हैं इसके अतिरिक्त, समय और स्थान के साथ असमान वितरण के कारण जल का उपयोग योग्य मात्रा भी सीमित है, इसके अलावा, दशे के किसी न किसी हिस्से में प्रायः बाढ़ और सूखे की चुनौतियों का सामना भी करना पड़ता है। एक तजेीसे विकासशील राष्टं मे ंजनसंख्या बढ़ने तथा आवश्यकताओ ंमे ंबढ़ोत्तरी और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को दखेते हुए,भविष्य में जल उपयोग,योग्य जल की कमी होगी तथा विभिन्न प्रयोक्ता समूहों के बीच जल विवादों के आरे गहराने की संभावना है।

यद्यपि, यह माना जाता है कि जल के संबंध में समुचित नीतिया,ं काननू बनाने, कार्यावित करने या विनियमन करने का अधिकार राज्य का है तथापि, जल संबंधी सामान्य सिद्धांतों का व्यापक राष्टीय जल संबंधी ढ़ांचागत काननू तैयार करने की आवश्कता है। इससे देश के प्रत्यके राज्य में जल के संचालन हेतु आवश्यक विधान बनाने तथा स्थानीय जल स्थिति से निपटने के लिए सरकार के निचले स्तरों पर आवश्यक प्राधिकार सौंपने का मार्ग प्रशस्त हो सकेगा तथा ऐसे ढांचागत कानून मे जल को कवेल दुर्लभ संसाधन ही नहीं बल्कि जीवन और पारिस्थितिकी को बनाए रखने के साधन के रूप में भी मान्यता दी जानी

चाहिए। अतः खाद्य सुरक्षा, जीविका और सभी के लिए समान और निरंतर विकास हेतु राज्य द्वारा सार्वजनिक विश्वास के सिद्धांत के अंतर्गत जल विशेषकर भू–जल का सामुदायिक संसाधन के रूप में प्रबंधन करने की आवश्यकता है। जल के सभी रूपों (वर्षा, मृदा नमी, भूमि और सतही जल समेत) इसके समरूप परिप्रेक्ष्य में बेसिन को इकाई मानकर भूमि और जल संसाधनों की वैज्ञानिक आयोजन सुनिश्चित करने और आवाह एवं प्रवाह दोनों क्षेत्रों का समग्र व संतुलित विकास सुनिश्चित करने के लिए अंतर्राज्यीय समन्वय को सुलभ बनाने हेतु अतंर्राज्यीय नदियों और घाटियों के अनुकूलतम विकास के वास्ते एक व्यापक विधान की आवश्यकता है। इस विधान में अन्य बातों के साथ–साथ बेसिनों में संबंधित राज्यों को शामिल करते हुये जल उपयोग का आयोजन, प्रबंधन और विनियमन हेतु बेसिन प्राधिकरणों को समुचित शक्तियां सौंपने के आवश्यकता है। जो कि डॉ. अम्बेडकर ने 1956, नदी जल विवाद में इसको पूरी तरह से स्पष्ट किया था।

जल समीक्षा पर डॉ. अम्बेडकर के विचार

दशे के विभिन्न बेसिनों तथा रज्यों के विभिन्न हिस्सों में जलसंसाधन की उपलब्धता तथा इनके उपयोग का वैज्ञानिक पद्धति से आकलन आरै आवधिक रूप से अर्थात् प्रत्येक पाचं वर्ष मे, समीक्षा किये जाने की आवश्यकता है। जल संसाधन योजना के दौरान ही जलवायु परिवर्तन सहित विभिन्न घटकों के कारण जल उपलब्धता के रुझानों का आकलन कर ध्यान में रखना चाहिए। जल की उपलब्धता सीमित है परन्तु जनसंख्यावृद्धि, तजेी से हो रहे शहरीकरण, औद्योगिककरण के लिए उपयोग हेतु जल कीउ पलब्धता को बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। उपयोगी जलसंसाधन में वृद्धि के लिए वर्षा का प्रत्यक्ष उपयोग एवं अपरिहार्य वाष्पात्सजर्न को कम करना नई अतिरिक्त कार्यनीतियां है। दशे में भू–जल संसाधन (पुनर्भरणीय एवं गैर–पुनर्भरणीय दोनो) की मात्राा एवं गुणवत्ता जानने के लिए जलभृतों की स्थिति का पता लगाने के आवश्यकता है। इस प्रक्रिया में स्थानीय समुदायों को शामिल करते हुए पूर्ण रूप से सहभगिता को बढ़ाया जाना चाहिए। इसे आवधिक रूप से अद्यतन किया जाए। अति–दोहित क्षेत्रों में जल उपयोग की उन्नत तकनीके अपनाकर, जल के कुशल उपयोग को प्रात्साहन दे कर और जलभृतों के समुदाय आधारित प्रबंधन को बढ़ावा दकेर भू–जलस्तर में गिरावट को रोके जाने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त जहां आवश्यक हो कृत्रिम पुनर्भरण परियोजनाएं शुरू की जानी चाहिए जिससे जल की निकासी जल के पुनर्भरण कम हो। इससे जलभृतों से सतही प्रणाली को आधारभूत प्रवाह उपलब्ध हो सकगेा और परिस्थितिकी बनाए रखी जा सकेगी।

डॉ. अम्बेडकर ने सुझाव दिया की अतं र्बेसिन अतंरण केवल उत्पादन बढ़ाने के लिए नहीं होता बल्कि आधारभूत मानवीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए और

स्मानता एवं समाजिक न्याय हासिल करने के लिए भी होता है। जल के अतं र्बेसिन अतंरण

को प्रत्यक मामले को उसकी विशेषताओं के आधार पर ऐसे अतंरणो ंके पर्यावरणीय, आर्थिक और सामाजिक प्रभावों का मुल्यांकन करके विचार किया जाना चाहिए। मृदा में नमी बढ़ाने, गाद में कमी लाने एवं समग्र भूमि व जल उत्पादकता को बढ़ाने के लिए जल ग्रहण क्षेत्र विकास क्रियाकलापों को व्यापक रूप से क्रियान्वित किये जाने की आवश्यकता है। किसानों द्वारा खेत के तालाबों एवं अन्य मृदा व जल संरक्षण उपाय अपनाकर वर्षा जल संचयन के लिए मनरेगा (एम.जी.एन. आर.ई.जी.ए.) जैसे वर्तमान कार्यक्रमों का लाभ उठाया जा सकता है।

जल क्षेत्र के मुद्दों का वैज्ञानिक पद्धति से समाधान करने के लिए निरंतर अनुसंधान और प्रौद्योगिकी की प्रति तथा जल संसाधन क्षेत्र में नवाचार कार्यों को प्रोत्साहन, मान्यता और पुरस्कृत किया जाना चाहिए। राज्यों को प्रौद्योगिकी, अभिकल्प पद्धतियों, आयोजना और प्रबंधन पद्धतियों को अद्यतन करने, स्थान आरे बेसिन हेतु वार्षिक जल मापनों और लखेों को तैयार करने,जल प्रणालियों हेतु जल वैज्ञानिक मापकों को तैयार करने तथा बेंचमार्किग आरै निष्पादन मुल्यांकन करने हेतु पर्याप्त अनुदान दिया जाना आवश्यक है। इस तथ्य को मान्यता दिए जाने की आवश्यकता है कि विकसित दशेों में जलक्षेत्र की क्षेत्रीय पद्धतियों में सूचनाप्राद्योगिकी और विश्लेषणात्मक क्षमताओं में प्रगति द्वारा क्रांति आई है। भारत में निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों में सभी स्तरों पर जल आयोजकों और प्रबंधकों हेतु एक पुनः प्रशिक्षण एवं गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम प्रारंभ करने की आवश्यकता है। जल संसाधन के बदलते परिदृश्य हेतु नीति निर्णयों के प्रभावों का मुल्यांकन करने तथा नीति–निर्देशों को विकसित करने के लिए जल नीति में अनुसंधान हेतु एक स्वायत्त कन्द्र की भी स्थापना की जानी चाहिए। जल क्षेत्र में कुशल श्रमिकों की

आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए जल प्रबंधन में नियमित प्रशिक्षण और शैक्षणिक पाठ्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक संस्थानों को प्रगतिशील अवसंरचना विकसित करने की आरे बढ़ते हुए अनुप्रयुक्त अनुसंधान को बढ़ावा दने के लिए नियमित रू‍प से अद्यतन किया जाना चाहिएजिससेउन्हें विश्लेषण की प्रचलित प्रक्रिया में सुधार करने तथा संबंधित विभागों में तथा समुदायों द्वारा पूर्ण सूचना के अनुसार निर्णय लेने में सहायता प्राप्त होगी। जल क्षेत्र में विभिन्न भागीदारों के क्षमता निर्माण के लिए जल साक्षरता हेतु एक राष्टीय अभियान शुरू किये जाने की आवश्यकता है।

समकालीन समय में दखेा जा सकता है, डॉ. अम्बेडकर के सझुाव ही है कि 21वीं सदी में राष्टीय जल नीति पर, आज भारत विचार कर रहा है जैसे कि, राष्टीय सुरक्षा से संबंधित संवेदनशील श्रणेी के मामलों को छोड़कर समस्त जल वैज्ञानिक आंकड़ों को सार्वजनिक किया जाना चाहिए तथापि आंकड़ों को संवेदनशील सूची से बाहर करने के लिए आवधिक समीक्षा की जाए। संपूर्ण दशे में नियमित रूप से जल से जुड़े हर सभी आंकड़ों का संग्रहण, सूचीबद्ध करने और प्रक्रियान्वयन करने के लिए एक राष्टीय जल सूचना केंद्र को स्थापित करना चाहिए तथा इनका प्रांरभिक प्रक्रियान्वयन करना चाहिए, और जीआईएस

प्लेटफॉर्म पर खुले और पारदर्शी तरीके से रख–रखाव किया जाना चाहिए। संभावित जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए हिम और ग्लेशियरों, वाष्पीकरण, ज्वारीय जलविज्ञान तथा जलविज्ञानी अध्ययन, नदी ज्यामितिक परिवर्तनों, कटाव, अवसादन इत्यादि के संबंध में अति विस्तृत आंकड़ों का संग्रहण करने की आवश्यकता है। इसके साथ–साथ दशे में जल संरक्षण और प्रबंधन को मजबूत बनाने के लिए 'जल क्रांति अभियान' की शुरूआत 5 जून 2015 को पूरे भारत में किया गया। जिसमें सभी साझेदारों के समग्र और

एकीकृत दृष्टिकोण को समाहित करते हुए जन आंदोलन का आह्वान किया गया। इस जल क्रांति अभियान के तहत प्रत्यके जिले से वैसे दो गांवों को 'जल ग्राम' तहत चुना जाता है जहां पानी की विकट समस्या है और फिर इसके समाधान के लिए केन्द्रिय और राज्य प्रयोजित योजनाओं जैसे एआईबीपी, मनरेगा आदि के तहत व्यापक जल सुरक्षा योजना तैयार की जाती है। अब तक 1000 से ज्यादा 'जल ग्राम' गांवों की पहचान की गई है और इनमें से कुछ गांवों के लिए जल सुरक्षा योजना भी तैयार की गई है। इस प्रकार योजना व विकास से संबंधित भारत की जल नीति में डॉ. अम्बेडकर के योगदान को भूलाया नहीं जा सकता।

डॉ. अम्बेडकर की भारतीय जल नीति एवं विद्युत शक्ति योजना

भारत मे ंदेखा जा सकता है कि डॉ. अम्बेडकर को एक मजदूर नायक के रू‍ में पहचान नहीं मिल पायी जब कि उन्होनें ही 1937 में मजदूर विभाग की स्थापना की और 1942 में उन्होनें इस का पद भार भी संभाला। तात्कालिक समय में सिंचाई और विद्युत शक्ति नीतियां बनाने और विकास के लिए योजना बनाने में उनका अधिक योगदान भी रहा। यह मजदूर विभाग ही था जो कि डॉ. अम्बेडकर के मार्गदर्शन से केंद्रीय तकनीकी विद्युत बार्ड़े शक्ति के विकास के लिये जलविद्युत स्टशेन, पन बिजली सर्वेक्षण एवं बिजली उत्पादन और थर्मल पावर स्टेशन की जाचं पड़ताल की समस्याओं का विश्लेषण करता रहा। डॉ. अम्बेडकर ने जो विद्युत वितरण कदें, स्थापित किये वह अभी तक सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं जो इंजीनियर प्रशिक्षण के लिए विदेश जाते हैं वह डॉ. अम्बेडकर का चलाया अभियान था उनका मानना था इंजीनियर को अच्छी तरह से प्रशिक्षित ि कया जाय उसके लिए उन्हें विदश ही क्यो न जाना पड़े जिसके लिये डॉ. अम्बेडकर ने यह नीति मजदरू विभाग द्वारा बनायी थी।

भारतयी रिजर्व बैंक की स्थापना में डॉ. अम्बेडकर का योगदान

जैसा की हम सभी जानते हैं, कि डॉ. अम्बेडकर एक जाने माने अर्थशास्त्री थे। जून 1916 में अम्बेडकर ने पीएच.डी. के लिए थीसिस प्रस्तुत की जिसका शीर्षक था 'नेशनल डिविडेंड फॉर इंडियाज ए हिस्टोरीक एंड एनालिटिकल स्टडीज', अर्थशास्त्र मेंडी.एस.सी.के लिए मार्च 1923 मे ंउन्होनें अपनी थीसिस' द प्रोब्लम ेऑफ द रूपीज ऑरिजिन एंड इट्स सोल्यशूंस'

प्रस्तुत किया। इस थीसिस को लंदन की पी0एस किंग एंड कंपनी ने दिसम्बर 1923 में द प्रोब्लमे ऑफ द रूपीज के नाम से प्रकाशित भी किया। पुस्तक की भूमिका मशहूर अर्थशास्त्री प्रोफेसर कैनन ने लिख कर डॉ. अम्बेडकर की भूरि–भूरिप्रशंसाकी,इसपुस्तकमेंडॉ. अम्बेडकरने मुद्रा समस्या का अत्यंत विद्वता पूर्ण विवचेन किया हैं।डॉ. अम्बेडकर के अनुसार टकसाल बंद कर देने से मुद्रास्फीति तथा आंतरिक मूल्य असंतुलन दरू हो सकता है। उनका कहना था कि सोना, मूल्य का मापदडं होना चाहिए और इसी के अनुसार मुद्रा में लचीलापन होना चाहिए। डॉ. अम्बेडकर का निष्कर्ष था कि भारत को स्वर्ण विनिमय मानक की मौदिक्र नीति अपनाने से बहुत नकु सान हुआ है। उनका निष्कर्ष था कि भारत को अपनी मुद्रा विनिमय दर स्वर्ण विनिमय मानक की जगह स्वर्ण मानक अपनाना चाहिए जिससे कि मुद्रा विनिमय दर में बहुत अधिक उतार चढ़ाव न हो और स्ट्टेबाजी को अधिक बढ़ावा न मिले।

कुछ समय पश्चात् 'रॉयल कमिशन ऑन इंडियन करेंसी एंड फाइनेंस' जिसको 'हिल्टन युवा आयोग' के नाम से भी जाना जाता है भारत आया। इस आयोग के हर सदस्य के पास 'द प्रोब्लमे ऑफ द रूपी' पुस्तक संदर्भ ग्रंथ के रूप में मौजूद थी। भारत की मुद्रा समस्या के बारे में डॉ. अम्बेउकर ने हिल्टन युवा आयोग के सामने जो विचार प्रस्ततु किए वे उनकी मुद्रा समस्या के विषय में बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान था। इस आयोग ने अपनी रिपोर्ट सन् 1928 में प्रस्तुत की इसी रिपार्टे के आधार पर 1 अप्रैल, 1935 को 'रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया' की स्थापना हुई। इससे यह विदित होता है कि डॉ. अम्बेडकर के अथक प्रयासों से ही रिवर्ज बैंक ऑफ इंडिया, केरंसी एवं फाइनैंस के नाम से भारत आया था। सबसे चकित कर दने वाली बात यह थी कि, प्रत्यके व्यक्ति ने डॉ. अम्बेडकर के द्वारा लिखित पुस्तक 'रुपये की समस्या–इसका उद्भव एवं समाधान– अपने–अपने हांथों में पकड़ रखी थी जिसको विधानसभा द्वारा आर.बी.आई. 1934 अधिनियम द्वारा पास किया गया। दखेा जाय तो बुनियादी सुविधाओ ंजैसे विद्यतु शक्ति सिंचाई, सड़के, दूरसचांर और यातायात सुविधायें आरै तकनीकी जनशक्ति इत्यादि को अधिक महत्व दिया गया यानि कृषि और उद्योगों को और ज्यादा महत्व दिया गया।

ऐसा माना गया कि बुनियादी सुविधाओं के विकास से रोजगार तथा औद्योगिक विकास में अधिक बढ़ोत्तरी आएगी न कि ग्रामीण क्षेत्रों में फैले बंधुआ मजदूरी से, डॉ. अम्बेडकर ने यह भी बताया कि हमारे दशे को सस्ती और प्रचुर मात्रा में बिजली मिलनी चाहिए नहीं तो औद्योगिक विकास सम्भव नही ंहो पायगेा। क्योकि सिंचाई और बिजली जैसे परियोजनाओं में अधिक पूंजी लगती है और औद्योगिक विकास के लिये यात्रा, सड़क, दूरसंचार इत्यादि अधिक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है।

1943–46 के बीच जब जलनीति विकसित हुई तब उन्होनें प्रत्यक विचार विमर्श में भाग लिया और अपने विचार भी व्यक्त किया 15 नवम्बर 1943 और 8 नवम्बर 1945 तक डॉ. आंबेडकर ने पाचं सम्मेलनों में भाग लिया जिसमें कि दो दामोदर नदी घटी प्राजेक्ट से

संबंधित थी। यह दोनों सम्मेलन कलकत्ता में हुए थे और एक महानदी प्रोजेक्ट और दो विद्युत शक्ति से संबंधित थे। डॉ. अम्बेडकर विद्युत शक्ति और सिंचाई समिति के अध्यक्ष भी थे। लेबर विभाग में अधिकारिक समिति के साथ भी जुड़े रहे।

डॉ. अम्बेडकर ने दो महत्वपूर्ण तकनीकी संगठनों की नींव डाली। मुख्यतः केंद्रीय जलमार्ग सिंचाई और नौ परिवहन विभाग, जो कि आज के समय में भी केंद्रीय जल आयोग और केद्रीय विद्युतप्राधिकरण के नाम से जाने जाते हैं जो दशे के विकास के लिये अति आवश्यक है।

डॉ. अम्बेडकर के निर्देशन में विकसित जलसंसाधन नीति एक दरूगामी ढांचा था और एक बहुआयमी उपलब्धि भी कहीं जा सकती है। उपरोक्त **दोनों** संगठनों के विकास से अतंर्राज्यीय नदी संबंध तथा व्यापक योजना बनाने की अवधारणा को बल मिला था इसके साथ ही बहुउद्देश्य परियोजनाओं के साथ नदी घाटी विकास प्राधिकरण का भी बढ़ावा मिला।

यह एक महत्वपर्ण नदी घाटी परियोजना की शुरूआत थी जोकि 'दामोदरवैली प्रोजेक्ट' के नाम से जाना जाता है जोकि मजदूर संगठन के अतंर्गत आता है। इसके बाद सोन नदी घाटी परियोजना, महानदी और कोसी नदी घाटी परियोजनाओं के साथ–साथ चबंल और दक्कन–नदियों आदि नदीघाटी परियोजनाओं की शुरूआत हुई इन परियोजनाओं से भारत बाढ़, नियत्रंण, सिंचाई, नौ परिवहन, घरेलू जल अपूर्ति, जल विद्युत एवं अन्य परियोजनाओं को बल मिला।

भारतीय संविधान में अंतर्राज्यीय नदियों को जोड़नें में डॉ. अम्बेडकर का योगदान

डॉ. अम्बेडकर ने जब भारतीय संविधान की 21 फरवरी, 1948 को एक प्रति 1□4प्रारूप1□2 जमा की तो इसमें डॉ. अम्बेडकर का अधिक प्रभाव था जो कि प्रारूप समिति के चये रमैन भी थे। यह मुख्य रूप से स्वतंत्र भारत की जल की नीति से सबं ंधित था।

भारतीय संविधान के अनुच्छदे 239–42 जो कि भारत सरकार अधिनियम 1935 का ही बारीकी से अध्ययन कर 1947 में इसका रूपातंरण किया। इन्हीं अनुच्छदे से यह विदित होता है कि कहीं से भी पानी की अपुर्ति करना प्राकृतिक अधिकार है। अन्तर्राज्यीय नदियों के विकास से बढ़ नियंत्रण, सिंचाई, नौ परिवहन और पनबिजली आदि की समस्याओं के निदान संबंधित योजनाये बनायी। उसके बाद संसद ने अतंर्राज्यीय जल विवाद अधिनियम 1956, नदी बार्डे अधिनियम 1956, नदी बार्डे अधिनियम 1956 को पारित किया। इस प्रकार योजना एवं विकास से संबंधित डॉ. अम्बेडकर के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है।

डॉ. अम्बेडकर भविष्य निधि और रोजगार कार्यालय के जनक

जुलाई 1942 को वाइसरॉय की एक्जिक्यूटिव कौंसिल में डॉ. अम्बेडकर को श्रम सदस्य (वर्तमान समय में लबेर मिनिस्टर) के रूप में शामिल किया गया। मालिक मजदूरों के तमाम संघर्षों में उन्होनं े मजदूरों का साथ दिया। 7 मई 1943 को उन्हानें े त्रिपक्षिय श्रम सम्मेलन द्वारा संस्थापित स्थायी श्रम समिति की अध्यक्षता की और संयुक्त श्रम समितियां और रोजगार कार्यालय स्थापित करने के लिए पहल किया। आज जो हम हर जिले में रोजगार कार्यालय (इम्प्लॉइमेंटएक्स्चेंज) दखे रहे हैं, वो डॉ.अम्बेडकर की ही दने है, श्रमिको ंकी सामाजिक सुरक्षा के लिए उन्होनें भविष्य निधि योजना (प्रोविडेटं फडं) लागू करवाया, उन्होंने नौकरी पेशा लोगों के लिए काम के घंटे तय करने में भी भूमिका निभाई। उनका मानना था कि एक व्यक्ति का काम करने का समय निश्चित रहना चाहिए। क्या डॉ.अम्बेडकर का सन्दशे कवेल पिछड़े और शोषित समाज के लिए है? जी नहीं, ऐसा कतई भी नहीं है कि उनका सन्देश कवे ल कुछ वर्गों के लिए है। परन्तु हां यह बात जरूर है कि जितनी जरूरत पिछड़े और शोषित समाज को वाणिज्य और मुद्रा के ज्ञान की जानकारी की जरूरत है

उतनी भारत में विकसित समूहों को नहीं है। जहां तक भारत से बाहर और विकसित देशों की बात है जहां प्रत्यक व्यक्ति वाणिज्य और मुद्रा की शिक्षा लतेा है, उन दशेों में ऐतिहासिक तौर पर जातिवादी जैसी कोई समाजिक बुराई नहीं रही जिसकी वजह से कवेल दा–ेचार समूहों को छोड़कर शेष लोग शिक्षा और व्यवसायों से वंचित रहे हो। इसलिए वहां यह शिक्षा वर्षों से सबको मिलती आ रही है और सब ही लगभग शिक्षित है जो इस शिक्षा को आगे बढ़ा रहे है और ज्यादा से ज्यादा इसकी गहराईयों में जा रहे हैं। परन्तु भारत में इसलिए यह शिक्षा आवश्यक हो जाती है की एक तो यहां एक बड़ा वंचित समाज है इन सभी मुद्दों पर विचारोपरांत यह कहा जा सकता है कि डॉ॰ अम्बेडकर की दरूदिर्षता ने न कवेल जल योजनाओं को संविधान की सूचि में बद्ध किया अपितु समाज को भी जल की उपयोगिता, संरक्षण का पाठ दिया। जो आज का वैज्ञानिक समाज शोध में लगा हुआ ह।ै

संदर्भः–

- Ambedkar, Dr. B.R. (1948), Speech by the Hon'ble Dr. B.R. Ambedkar delivered in the Constituent Assembly on Thursday the 6th Novemeber, 1948 in support of the motion for consideration of the Draft Constituent as setteled by the Drafting Committee.
- Ambedkar, Dr. Babsasheb (1989), Writins and Speeches, States and Minorities, Government of Maharashtra, Vol.1, 1989.
- Jadhav, Narendra (1991), "Dr. Ambedkar's Economic Thought and Philosophy", Bombay Popular Prakashan.

Bodhi Path, July 2018 Issue 15
ISSN 2347-8004

भगवान बुद्ध की दुष्टि में नारी का अस्तित्व

Vijay Arora, University of Delhi

हमारे विश्व का इतिहास प्राचीन काल से ही पुरुष प्रधान समाज रहा है। महिलाओं की समाज में भूमिका पुरुषों की अपेक्षा काफी निम्न रही है। नारी अपने जीवन में बहुत सीमित वस्तुओं को ही प्राप्त कर सकती थी क्योंकि उसके जीवन की धारा जन्म से मृत्यु तक पिता, भाईयों व अन्ततः पतियों के अधीन थी इस तरह की पुरुष प्रधान दुनिया में नारी अपने विकास की बहुत ज्यादा आशा नहीं कर सकती थी। प्रारम्भ से ही पुरुषों ने महिलाओं के विकास पर अधिक कार्य नहीं किए। पुरुषों ने महिलाओं को अपने बराबर मानने में सदैव अस्वीकार किया तथा नारी को केवल एक सीमित, सादा जीवन व्यतीत करने के लिए प्रेरित किया। वे महिलाओं को हीन भावना से देखते थे। पुरुष नारियों को अपना बंधक व स्वयं को इनका राजा मानते थे। नारी को केवल प्रजनन क्रिया के लिए उपयोग किया जाता था। इसलिए मानव जाति को ठीक प्रकार से समझने के लिए तथा मानव जाति में पुरुष तथा नारी के मध्य समानता का अनुभव प्रदान करने के लिए ऐसे प्रतिमान की आवश्यकता थी जिसमें किसी एक लिंग को केन्द्र में रखकर तथा दूसरे लिंग को किनारे पर रखने से सुनिश्चित तौर पर बचा जा सके। इस प्रकार मानव जाति के विकास के लिए तथा नारी के कल्याण के लिए आज से लगभग 2550 वर्ष पूर्व बौद्ध धर्म के संस्थापक भगवान बुद्ध ने एक ऐसा ही कार्य करने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रयास किये थे।

छठी शताब्दी ईसा पूर्व बुद्ध का युग गंगा नगरीकरण के उद्भव व विकास के साथ–साथ तत्कालीन ब्राह्मण संस्कृति के हाशिये का प्रमुख गवाह था। तथागत ने समाज में महिलाओं व पुरुषों को एक ही एकीकृत व्यक्तित्व के पूरक पहलुओं के तौर पर बुद्धि व करुणा के रूप में देखा। बौद्ध धर्म के संस्थापक बुद्ध ने अपने संघ के भीतर नारी को व्यक्तिगत रूप में समान स्थान प्रदान किया। भगवान बुद्ध तथा उनके प्रिय शिष्य आनंद व उनके कुछ अन्य सहयोगियों का यह स्पष्ट मत था कि मनुष्य की जाति की भांति लिंग भी किसी व्यक्ति द्वारा दुख से छुटकारा पाने के बौद्ध लक्ष्य को प्राप्त करने में बाधा नहीं हो सकता था। समाज में कई लोग बुद्ध द्वारा पत्नी व गृहत्याग की घटना की आलोचना करते हैं परन्तु पत्नी व पुत्र के परित्याग के कारण बुद्ध की आलोचना अनुचित है क्योंकि उस समयकाल में आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने की चेष्टा रखने वालों से यह अपेक्षा की जाती थी कि वह मनुष्य की तीन सार्वभौम बेड़ियों, धन, स्त्री व प्रतिष्ठा का त्याग करे। ज्ञान प्राप्ति के लिए तथागत ने यह किया समाज में सभी प्राणियों के दुख का मूल कारण तृष्णा को बताया।

बौद्ध धर्म में नारी के अस्तित्व व प्रतिष्ठा को लेकर दो परस्पर विरोधी रूप प्रदर्शित किए गए हैं। एक ओर नारी को धार्मिक जीवन के लिए नितांत बाधक माना गया है क्योंकि स्वयं बुद्ध भी गृहस्थ जीवन को जीवन के चरम लक्ष्य 'निर्वाण' प्राप्ति के मार्ग में बाधक समझते थे इसी कारण स्वयं बुद्ध ने भी गृहस्थ जीवन त्याग कर परिवाजक जीवन का प्रतिपादन किया था। उदाहरण के लिए जब शाक्य व कोलिय वंश के झगड़े में शाक्य राजा शुद्धोधन व अन्य शाक्य कुमारों की मृत्यु के पश्चात् जब महाप्रजापति गौतमी अन्य शाक्य स्त्रियों को साथ लेकर अपने सिर मुड़वाकर, काणाय वस्त्र धारण करके बुद्ध के पास वैशाली पहुँचे तो बुद्ध ने नारियों को अपने बौद्ध धर्म के संघ में प्रवज्जा प्रदान करने की अनुमति देने से इन्कार कर दिया था। परन्तु बुद्ध के प्रिय शिष्य आनंद के आग्रह करने पर बुद्ध ने कहा कि यह संभव है कि भिक्षुणियाँ बनकर स्त्रियाँ अर्हत फल की प्राप्ति कर सकती है परन्तु इन अठ्गुरु धम्मा का पालन करना होगा जो निम्नलिखित हैः–

– प्रत्येक भिक्षुणी को चाहे वह संघ में कितने भी वर्षों से रह रही हो सभी छोटे–बड़े भिक्षुओं को प्रणाम करना चाहिए तथा उनका आदर सम्मान करना चाहिए।

– भिक्षुविहीन स्थान पर भिक्षुणियों को वर्णावास नहीं करना चाहिए।

– भिक्षुणी भिक्षु संघ से यह पूछ ले कि हर पखवाड़े में उपोसथ किस दिन है और धर्मोपदेश सुनने के लिए किस दिन जाना है।

– वर्णावास तथा चार्तुमास के पश्चात भिक्षुणी को दोनों संघ की अर्थात् भिक्षु संघ और भिक्षुणी संघ की प्रवारणा करनी चाहिए अर्थात् स्वदोण बताने के लिए सभी से प्रार्थना करनी चाहिए।

– प्रति अर्द्धमास में किसी भिक्षु के समक्ष अपने पापों को स्वीकार करना चाहिए और जिस भिक्षुणी से संधोविशेष आपत्ति हुई हो उसे दोनों संघों में पन्द्रह (15) दिनों के लिए संघ के संतोष के लिए विहार से बाहर रातें व्यतीत करनी चाहिए तथा दोनों संघों से क्षमायाचना करनी चाहिए।

– जिस श्रामणेरी ने दो वर्ष तक अध्ययन किया हो उसे दोनों संघ उपसम्पदा प्रदान करें।

– किसी भी कारण से भिक्षुणी भिक्षु को अपशब्द न बोले तथा गाली गलोच कभी न करे।

– भिक्षुणी को प्रति अर्द्धमास एक भिक्षा लानी चाहिए।

– भिक्षुणी को अपने कर्तव्यों को भली भांति समझना चाहिए तथा सभी नियमों का पालन करना चाहिए।

– वे भिक्षुओं को विपथ न करें।

– भिक्षुणियाँ पाप से मुक्त रहें।

इस प्रकार भिक्षुणियों को बौद्ध संघ में आठ गुरु धर्मों का पालन करना होता था इन नियमों के पीछे भगवान बुद्ध का शायद यही भय था कि भिक्षु व भिक्षुणी का संपर्क कहीं संघ में भ्रष्टाचार उत्पन्न न कर दे। इस तरह हम कह सकते हैं कि बुद्ध मानवी चरित्र की दुर्बलताओं से भली भांति परिचित थे वे नहीं चाहते थे कि किन्हीं कारणों से बौद्ध संघ में भ्रष्टाचार उत्पन्न हो। इन नियमों को इसी कारण बनाया गया। बुद्ध संघ में स्त्रियों के प्रवेश को निषेध करके उनके उद्दीपन की संभावना को निर्मल करना चाहते थे और जिसके परिणामस्वरूप सारी सत्ता भिक्षु संघ के अंतर्गत रहे इसलिए यह नियम बनाये गये और इतने में भी बुद्ध का अंतिम उपदेश था कि स्त्रियों के संघ में प्रवेश से संघ की आयु क्षीण हो गयी है यदि बौद्ध संघ में स्त्रियों का प्रवेश नहीं होता तब यह धर्म लगभग जहाँ एक हजार वर्ष तक कायम रहता वही यह धर्म अब केवल पाँच सौ (500) वर्षों तक ही कायम रह पायेगा। इस पर लगभग 80 वर्ष की उम्र में तथागत को भी जरा अवस्था का अनुभव हुआ तथा बुद्ध का जब अंतिम समय निकट आया तब बुद्ध के प्रिय शिष्य आनन्द ने तथागत से पूछा कि स्त्रियों के प्रति भिक्षुओं का व्यवहार किस प्रकार का होना चाहिए? इस का उत्तर देते हुए बुद्ध ने कहा कि भिक्षु को उनका सम्मान/आदर करना चाहिए। इस प्रकार यह माना जाता है कि बुद्ध ने जो स्त्रियों के संघ में प्रवेश को न देने के आधार पर आलोचना की जो विरोध किया था वह केवल नारी के कामिनी रूप में की गई। व्यक्तिगत रूप से बुद्ध नारी का सदैव सम्मान करते थे। बुद्ध के लिए यह कथन असत्य है कि वे स्वभाव से स्त्री विरोधी थे और उसे नितान्त हेय समझते थे। स्त्री विरोधी उनके कथन स्त्री पर कामिनी रूप में ही उपयुक्त होते हैं उनका उद्देश्य समस्त नारी समाज की प्राकृतिय अयोग्यता का प्रतिपादन करना नहीं था। बौद्ध इतिहास की अमर नारियाँ– किसा, गौतमी, खेमा, विसाखा आदि तथागत के इस विश्वास की सत्यता का साक्षी है।

बुद्ध के अनुसार नारी में कोई भी अशुद्धता नहीं है और नारी को केवल पुरुष समाज की सम्पत्ति नहीं समझना चाहिए। नारी को बौद्ध इतिहास में नितान्त शुभ वर्णों में अंकित किया है। इसके अनुसार नारी कभी भी घृणा की पात्री नहीं हो सकती वह तो पुरुष की परम सखा है। नारी पुरुष का सदैव भला ही चाहती है तथा वह तो पुरुष की जननी है। बौद्ध साहित्य की जातक कथाओं में सुजाता एवं अनेक पतिव्रता स्त्रियों के उदाहरण प्राप्त होते हैं। बुद्ध ने नारी को नितान्त शुभ वर्णों में अंकित किया है उनके अनुसार वह भार्या के रूप में जिन उत्तरदायित्वों व कर्तव्यों का संवहन करती है उन्हीं पर समाज का उत्कर्णायकर्म अवलम्बित है। वह समाज की आधारशिला है, पुरुष के व्यक्तित्व का अंकुरण माता के अंक में ही होता है यही उसका प्राथमिक एवं सर्वप्रथम शिक्षालय है। यदि माता पुरुष के चरित्र की संरोपण भूमि है तो पत्नी उसके विकास हेतु प्रस्तर स्तम्भ। बुद्ध के अनुसार पत्नी के रूप में स्त्री पुरुष के सुख–दुख,

आशा–निराशा आदि द्वन्दो में चिर साहचार्य देती हुई जीवन के सम विषम पथ पर उसके साथ निरन्तर गति से चलती हुई निरन्तर सहभागिनी बनी रहती है। नारी सामाजिक उत्कर्षापकर्ण का मापदण्ड है। उसकी सामाजिक स्थिति से सम्पूर्ण समाज प्रभावित होता है तथा नारी के सामाजिक मूल्य से समाज का मूल्यांकन भी किया जा सकता है। बुद्ध सैद्धांतिक रूप से नारी को पुरुषों के समान समझते थे। बुद्ध के अनुसार पुत्री वास्तव में ज्ञानी व गुणी बनकर पुत्र से अधिक अच्छी तथा आदर करने वाली संतान सिद्ध हो सकती है।

बौद्ध साहित्य के संयुक्त निकाय के मातुगाम सुत्त में बुद्ध ने अपने उपदेशों में कहा है कि नारी एवं पुरुष में नैसर्गिक अन्तर है। नारी की पाँच परेशानियां एवं विशेषताओं का बुद्ध ने वर्णन किया है। बुद्ध कहते हैं कि भिक्षुओं नारी रजस्वला होती है जबकि पुरुष नहीं होता। नारी अपना विवाह होने पर माता–पिता का घर छोड़कर पति के घर चली जाती हैं जबकि पुरुष विवाह के पश्चात् अपना घर छोड़कर नारी के घर नहीं जाता। स्त्री गर्भाधान करती है जबकि पुरुष नहीं करता स्त्री बच्चों का प्रजनन करती है जबकि पुरुष नहीं करता। उनके अनुसार विवाह के पश्चात् स्त्री को पति के घर में जाकर विशेष रूप से उसका घर संभालना चाहिए। बौद्ध साहित्य में वर्णन प्राप्त होता है कि साकेत नगर के करोड़पति सेठ धनंजय की जो पुत्रियाँ विशाखा व सुजाता थी। उनके पिता ने बुद्ध के उपदेशों से प्रेरित होकर विशाखा के विवाह पर विशखा को एक उत्तम गृहिणी होने के लिए दस उपदेशों का पालन करने को कहा जो निम्नलिखित हैं–

1. पुत्री बाहर की आग अंदर मत लाना।
2. पुत्री कभी घर के अंदर की आग बाहर मत ले जाना।
3. खुशी से बैठना,
4. खुशी से उठना,
5. खुशी से सोना,
6. आग की इज्जत करना,
7. घर के देवी–देवताओं का आदर करना,
8. उसी को सहायता करना जो तुम्हारी करता है,
9. उसकी सहायता मत करना जो समय पर तुम्हारी नहीं करता,
10. जो सहायता न करे उसको भी देना, जो सहायता करे उसकी भी सहायता करना।

बौद्ध साहित्य की थेरी गाथा में गाथा नाम से यह कथा है विशाख का विवाह श्रावस्ती के नगर के सेठ मिगार के पुत्र पुष्यवर्द्धन से हुआ। इस विवाह में कोसल नरेश प्रसेनचित स्वयं सम्मिलित हुआ था व वर पक्ष की ओर से गया था उसका ससुर मिगर जैन धर्मावलम्बी था। जब वह ससुर घर गई तो वह बौद्ध संघ का दान देने

लगी। बौद्ध धर्म में भक्ति देख कर बहू को धर्म विरोधिनी समझा गया। ससुर चाहता था कि बहू जैनों की भक्ति करे। उधर बहू चाहती थी कि बौद्धों में भक्ति करें। अन्त में विशाखा ने अपनी सेवा, सुशीलता, धर्मनिष्ठा, गुणों तथा तर्कों से ससुर की निष्ठा बौद्ध धर्म में स्थापित कर दी आगे जाकर अपने ससुर की माता कहलायी यानि उसे मिगार माता विशाखा नाम से बौद्ध धर्म में पुकारा जाने लगा। बौद्ध साहित्य के अंगुतर निकाय में बुद्ध ने विशाखा को नारियों के कत्रव्य की स्वयं शिक्षा दी थी बुद्ध ने कुलवन्ती स्त्रियों के लिए आठ गुणों को ग्रहण करने का विधान बतलाया है वे आठ सूत्र हैं।

– कुलवधुओं को सास ससुर की सेवा करनी चाहिए उनसे सदैव प्रिय व सहानुभूति पूर्वक वचन बोलने चाहिए।

– उनके प्रत्येक सुख का ख्याल करना चाहिए।

– अपने पति के मित्र तथा साधु संतों की उचित सेवा सम्मानपूर्वक करना चाहिए।

– घर में रखी कपास के उपयोग की कला में स्त्री को दक्ष होना चाहिए।

– घर के दास दासियों के जिम्मे लगाये गये काम उनके भोजन वस्त्र की व्यवस्था पर पूर्ण निगरानी रखनी चाहिए। पति द्वारा लाये गये धन का समुचित उपयोग के बाद उसकी रक्षा करनी चाहिए तथा अपने सभी परिवार के सदस्यों के साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करना चाहिए।

– पंचशील के नियमों का पालन करना चाहिए।

